(ग) खंड (iii) में, "जो उसके घोषित मूल्य और मूल्य के बीच के अंतर से पांच गुने से अनधिक होगी, या एक हजार रुपए होगी" शब्दों के स्थान पर, "जो उसके घोषित मूल्य और मूल्य के बीच के अंतर से पांच गुने से अनधिक होगी, या पांच हजार रुपए होगी" शब्द रखे जाएंगे ;

(घ) खंड (iv) में, "जो माल के मूल्य से पांच गुने से या उसके घोषित मूल्य और मूल्य के बीच के अंतर से पांच गुने से अनधिक होगी, या एक हजार रुपए होगी" शब्दों के स्थान पर, "जो माल के मूल्य से पांच गुने से या उसके घोषित मूल्य और मूल्य के बीच के अंतर से पांच गुने से अनधिक होगी, या पांच हजार रुपए होगी" शब्द रखे जाएंगे ;

(ङ) खंड (v) में, "जो ऐसे माल पर उस शुल्क के पांच गुने से अनधिक होगी, जिसके अपवंचन का प्रयास किया गया है या उसके घोषित मूल्य और मूल्य के बीच के अंतर के पांच गुने से अनधिक होगी या एक हजार रुपए होगी" शब्दों के स्थान पर, "जो ऐसे माल पर उस शुल्क के पांच गुने से अनधिक होगी, जिसके अपवंचन का प्रयास किया गया है या उसके घोषित मूल्य और मूल्य के बीच के अंतर के पांच गुने से अनधिक होगी या पांच हजार रुपए होगी" शब्द रखे जाएंगे ।

**102.** सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 114 में,-- धारा 114 का संशोधन।

(क) खंड (i) में, "ऐसे माल के पांच गुने से अनधिक होगी या एक हजार रुपए होगी" शब्दों के स्थान पर, "ऐसे माल के पांच गुने से अनधिक होगी या पांच हजार रुपए होगी" शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) खंड (ii) में, " ऐसे माल पर अपवंचन किए जाने वाले शुल्क के पांच गुने से अनधिक होगी या एक हजार रुपए होगी" शब्दों के स्थान पर, "ऐसे माल पर अपवंचन किए जाने वाले शुल्क के पांच गुने से अनधिक होगी या पांच हजार रुपए होगी" शब्द रखे जाएंगे।

(ग) खंड (iii) में, "जो दावा की गई वापसी की रकम के पांच गुने से अनधिक होगी या एक हजार रुपए होगी" शब्दों के स्थान पर, "जो दावा की गई वापसी की रकम से अनधिक होगी या पांच हजार रुपए होगी", शब्द रखे जाएंगे।

**103.** सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 128 की उपधारा (1) में,-- धारा 128 का संशोधन।

(i) "तीन मास के भीतर" शब्दों के स्थान पर, "साठ दिन के भीतर" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) परंतुक के स्थान पर निम्नलिखित परंतुक रखा जाएगा, अर्थात् :--

"परंतु आयुक्त (अपील), यदि उसका यह समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी पर्याप्त कारण से पूर्वोक्त साठ दिन की अवधि के भीतर अपील करने से निवारित हो गया था तो, वह उसे तीस दिन की और अवधि के भीतर अपील प्रस्तुत करने की अनुज्ञा दे सकेगा ।"।

**104.** सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 128क में,-- धारा 128क का संशोधन ।

(क) उपधारा (3) में, "आयुक्त (अपील)" शब्दों और कोष्ठकों से आरंभ होने वाले और "पुनःनिर्दिष्ट कर सकेगा" शब्दों पर समाप्त होने वाले भाग के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :--

"आयुक्त (अपील), ऐसी और जांच करने के पश्चात्, जो आवश्यक हो, जिस विनिश्चय या आदेश के विरुद्ध अपील की गई है, उसकी पुष्टि, उसका उपांतरण या उसे बातिल करते हुए ऐसा आदेश पारित करेगा, जो वह न्यायसंगत और उचित समझे :";

(ख) उपधारा (4) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :--

"(4क) आयुक्त (अपील), जहां ऐसा करना संभव है वहां, प्रत्येक अपील की, उसके फाइल किए जाने की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर सुनवाई करेगा और उसका विनिश्चय करेगा ।"।

**105.** सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 129घ की उपधारा (1) में, "ऐसे कलक्टर को" शब्दों के स्थान पर "ऐसे आयुक्त या किसी अन्य आयुक्त को" शब्द रखे जाएंगे । धारा 129घ का संशोधन ।

**106.** सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 129ङ में, परंतुक के पश्चात् निम्नलिखित परंतुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :— धारा 129ङ का संशोधन ।

"परंतु यह और कि जहां पहले परंतुक के अधीन मांग किए गए शुल्क और ब्याज या उद्गृहीत शास्ति को जमा करने से अभिमुक्ति के लिए आयुक्त (अपील) के समक्ष कोई आवेदन फाइल किया जाता है वहां आयुक्त (अपील), जहां यह संभव हो, ऐसे आवेदन का, उसके फाइल करने की तारीख से तीस दिन के भीतर, विनिश्चय करेगा ।"।

**107.** सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 159 के पश्चात्, निम्नलिखित धारा अंतःस्थापित की जाएगी और 1 फरवरी 1963 से ही अंतःस्थापित की गई समझी जाएगी, अर्थात् :-- नई धारा 159क का अंतःस्थापन ।

"159क. जहां इस अधिनियम के अधीन बनाए गए किसी नियम, विनियम, निकाली गई अधिसूचना या किए गए आदेश या ऐसे नियम या विनियम के अधीन निकाली गई अधिसूचना या किए गए आदेश का संशोधन, निरसन, अधिक्रमण या विखंडन किया जाता है वहां जब तक कोई भिन्न आशय प्रतीत न हो, ऐसे संशोधन, निरसन, अधिक्रमण या विखंडन से,-- नियमों, विनियमों, अधिसूचनाओं या आदेशों के संशोधन आदि का प्रभाव ।

(क) ऐसी कोई बात पुनः प्रवर्तित नहीं होगी जो उस समय प्रवृत्त या विद्यमान नहीं है जब संशोधन, निरसन, अधिक्रमण या विखंडन प्रभावी हुआ ; या

(ख) इस प्रकार संशोधित, निरसित, अधिक्रांत या विखंडित किसी नियम, विनियम, अधिसूचना या आदेश के पूर्व में प्रवर्तन पर या उसके अधीन सम्यक् रूप से की गई किसी बात या उठाई गई हानि पर प्रभाव नहीं पड़ेगा ; या

(ग) इस प्रकार संशोधित, निरसित, अधिक्रांत या विखंडित किसी नियम, विनियम, अधिसूचना या आदेश के अधीन अर्जित, प्रोद्भूत या उपगत किसी अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता या दायित्व पर प्रभाव नहीं पड़ेगा ; या

(घ) इस प्रकार संशोधित, निरसित, अधिक्रांत या विखंडित किसी नियम, विनियम, अधिसूचना या आदेश के अधीन या उल्लंघन में किए गए किसी अपराध की बाबत उपगत किसी शास्ति, समपहरण या दंड पर प्रभाव नहीं पड़ेगा ; या

(ङ) यथापूर्वोक्त किसी ऐसे अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता, दायित्व, शास्ति, समपहरण या दंड की बाबत किसी अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार पर प्रभाव नहीं पड़ेगा,

और कोई ऐसा अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार इस प्रकार संस्थित, जारी या प्रवर्तित रहेगा और ऐसी कोई शास्ति, समपहरण या दंड इस प्रकार अधिरोपित किया जा सकेगा मानो, यथास्थिति, नियम, विनियम, अधिसूचना या आदेश का संशोधन, निरसन, अधिक्रमण या विखंडन नहीं किया गया हो ।"।

की गई कतिपय कार्रवाइयों का विधिमान्यकरण।

**108.** 1 फरवरी 1963 से ही प्रारंभ होने वाली और उस तारीख को, जिसको वित्त विधेयक 2001 को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त होती है, समाप्त होने वाली अवधि के दौरान किसी समय सीमाशुल्क अधिनियम के अधीन बनाए गए किसी नियम, विनियम, निकाली गई अधिसूचना या किए गए आदेश के अधीन या ऐसे नियम या विनियम के अधीन निकाली गई किसी अधिसूचना या आदेश के अधीन की गई किसी कार्रवाई या किसी बात या किए गए लोप या यह तात्पर्यित है कि कोई कार्रवाई या बात की गई है या लोप किया गया है, के बारे में यह समझा जाएगा कि वह सभी प्रयोजनों के लिए विधिमान्य रूप से और प्रभावी रूप से इस प्रकार की गई या लोप किया गया और सदैव की गई या किया गया है मानो वित्त अधिनियम, 2001 की धारा 105 द्वारा किया गया संशोधन सभी तात्विक समयों पर प्रवर्तन में रहा हो और तदनुसार किसी न्यायालय, अधिकरण या अन्य प्राधिकारी के किसी निर्णय, डिक्री या आदेश में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी,--

(क) ऐसे किसी नियम, विनियम, अधिसूचना या आदेश के अधीन किसी माल की बाबत उक्त अवधि के दौरान की गई किसी कार्रवाई या किसी बात या किए गए किसी लोप के बारे में यह समझा जाएगा कि वह विधिमान्य रूप से सदैव इस प्रकार की गई या किया गया है मानो वित्त अधिनियम, 2001 की धारा 105 द्वारा किया गया संशोधन सभी तात्विक समयों पर प्रवर्तन में हो ;

(ख) ऐसे किसी नियम, विनियम, अधिसूचना या आदेश के अधीन किसी माल की बाबत की गई किसी कार्रवाई या किसी बात या किए गए किसी लोप के लिए कोई वाद या अन्य कार्यवाही किसी न्यायालय, अधिकरण या अन्य प्राधिकारी के समक्ष न तो चलाई जाएगी न जारी रखी जाएगी और न ऐसी की गई कार्रवाई या किसी बात या किए जाने वाले लोप से संबंधित किसी डिक्री या आदेश का किसी न्यायालय द्वारा कोई प्रवर्तन नहीं किया जाएगा मानो वित्त अधिनियम, 2001 की धारा 105 द्वारा किया गया संशोधन सभी तात्विक समयों पर प्रवर्तन में हो;

(ग) ऐसे शुल्क या ब्याज या शास्ति या जुर्माने या अन्य प्रभारों की, जिनका, यथास्थिति, संग्रहण या प्रतिदाय किया गया है, ऐसी सभी रकमों की वसूली ऐसे की जाएगी मानो वित्त अधिनियम, 2001 द्वारा किया गया संशोधन सभी तात्विक समयों पर प्रवृत्त हो।

**स्पष्टीकरण**--शंकाओं के निराकरण के लिए, यह घोषित किया जाता है कि किसी व्यक्ति की ओर से किया गया कोई ऐसा कार्य या लोप अपराध के रूप में दण्डनीय नहीं होगा जो, यदि यह धारा प्रवर्तन में नहीं रही होती तो, इस प्रकार दण्डनीय नहीं होता ।

धारा 25 के अधीन निकाली गई अधिसूचनाओं का संशोधन।

**109.** (1) सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के अधीन निकाली गई भारत सरकार के वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग की अधिसूचना सं0 : सा.का.नि. 465 (अ), तारीख 3 मई, 1990, सा.का.नि. 423 (अ), तारीख 20 अप्रैल, 1992, सा.का.नि. 946 (अ), तारीख 28 दिसम्बर, 1992 और सा.का.नि. 417 (अ), तारीख 14 मई, 1993 का संशोधन किया जाएगा और ऐसी अधिसूचनाओं में से क्रमशः प्रत्येक के सामने उस अनुसूची के स्तंभ (4) में उल्लिखित तारीख से ही आठवीं अनुसूची में यथाविनिर्दिष्ट रीति से संशोधन किया गया समझा जाएगा और तद्नुसार किसी न्यायालय, अधिकरण या अन्य प्राधिकारी के किसी निर्णय, डिक्री या आदेश में किसी बात के होते हुए भी, उक्त अधिसूचनाओं के अधीन की गई किसी कार्रवाई या किसी बात या यह तात्पर्यित है कि वह की गई है, के बारे में यह समझा जाएगा कि वह सभी प्रयोजनों के लिए विधिमान्य रूप से या प्रभावी रूप से की गई है और सदैव की गई है मानो इस उपधारा द्वारा संशोधित अधिसूचनाएं सभी तात्विक समयों पर प्रवृत्त रही हों ।

(2) उपधारा (1) के प्रयोजनों के लिए, केन्द्रीय सरकार को उक्त उपधारा में निर्दिष्ट अधिसूचनाओं का संशोधन करने की शक्ति होगी और यह समझा जाएगा कि उसे शक्ति होगी, मानो "केन्द्रीय सरकार" को सीमाशुल्क अधिनियम की धारा 25 की उपधारा (1) के अधीन सभी तात्विक समयों पर उक्त अधिसूचनाओं का संशोधन करने की शक्ति थी ।

## सीमाशुल्क टैरिफ

धारा 3 का संशोधन।

**110.** सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम, 1975 की (जिसे इसमें इसके पश्चात् सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम कहा गया है) धारा 3 में,-- 1975 का 51

(i) उपधारा (1) में और स्पष्टीकरण के पूर्व, निम्नलिखित परंतुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"परंतु मानव उपभोग के लिए भारत में आयातित किसी मद्यसारिक लिकर की दशा में, केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, विभिन्न राज्यों में उत्पादित या विनिर्मित उसी प्रकार के मद्यसारिक लिकर पर तत्समय उद्ग्रहणीय उत्पाद-शुल्क को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त शुल्क की दर या किसी राज्य में उसी प्रकार के मद्यसारिक लिकर का उत्पादन या विनिर्माण नहीं होता है तो, उस उत्पाद-शुल्क का ध्यान रखते हुए जो उस मद्यसारिक लिकर के, जिससे आयातित लिकर संबंधित है, वर्ग या वर्णन पर विभिन्न राज्यों में तत्समय उद्ग्रहणीय होगा, विनिर्दिष्ट कर सकेगा ।";

(ii) उपधारा (2) में, खंड (ii) के पश्चात् निम्नलिखित परंतुक और स्पष्टीकरण अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"परंतु भारत में आयातित किसी वस्तु की दशा में,--

(क) बाट और माप मानक अधिनियम, 1976 या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन ऐसी वस्तु, जिसके संबंध में उसके पैकेज पर उस वस्तु की फुटकर विक्रय कीमत घोषित करने की अपेक्षा की जाती है ; और 1976 का 60

(ख) जहां भारत में उत्पादित या विनिर्मित उसी प्रकार की वस्तु या उस दशा में, जिसमें उसी प्रकार की ऐसी वस्तु का उत्पादन या विनिर्माण नहीं किया जाता है वहां उन वस्तुओं के, जिनसे आयातित वस्तु संबंधित है, वर्ग या वर्णन वह माल है जो केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 4क की उपधारा (1) के अधीन राजपत्र में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए। 1944 का 1

वहां आयातित वस्तु का मूल्य, ऐसे फुटकर विक्रय कीमत में से, जो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 4क की उपधारा (2) के अधीन उसी प्रकार की वस्तु की बाबत अनुज्ञात करे, मंदी की ऐसी रकम को, यदि कोई हो, घटाकर, आयातित वस्तु के संबंध में घोषित फुटकर विक्रय कीमत के रूप में समझा जाएगा। 1944 का 1

**स्पष्टीकरण**--जहां किसी आयातित वस्तु पर एक से अधिक फुटकर विक्रय कीमत घोषित की जाती है वहां ऐसी अधिकतम फुटकर विक्रय कीमत के बारे में यह समझा जाएगा कि वह इस धारा के प्रयोजन के लिए फुटकर विक्रय कीमत है ।"।

धारा 8ख का संशोधन ।

**111.** सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम की धारा 8ख में,--

(क) उपधारा (1) में, परंतुक के पश्चात् निम्नलिखित परंतुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"परंतु यह और कि केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, किसी वस्तु की ऐसी मात्रा को, जो वह अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे, किसी देश या राज्यक्षेत्र से भारत में आयात किए जाने के समय, उस पर उद्ग्रहणीय संपूर्ण सुरक्षा शुल्क या उसके किसी भाग के संदाय से छूट दे सकेगी ।";

(ख) उपधारा (2) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा और स्पष्टीकरण अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :--

'(2क) उपधारा (1) और उपधारा (2) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उपधारा (1) और उपधारा (2) के अधीन निकाली गई कोई अधिसूचना, जब तक कि उसमें विनिर्दिष्ट रूप से लागू न किया गया हो, किसी मुक्त व्यापार क्षेत्र या किसी विशेष आर्थिक क्षेत्र में किसी शत प्रतिशत निर्यातोन्मुख उपक्रम या किसी यूनिट द्वारा आयातित वस्तुओं को लागू नहीं होगी ।

**स्पष्टीकरण**--इस धारा के प्रयोजनों के लिए, "शत-प्रतिशत निर्यातोन्मुख उपक्रम", "मुक्त व्यापार क्षेत्र" और "विशेष आर्थिक क्षेत्र" पदों के वही अर्थ हैं जो केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 3 की उपधारा (1) के स्पष्टीकरण 2 में हैं ।'।

1944 का 1

**112.** सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम की धारा 9क में, उपधारा (2) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा और स्पष्टीकरण अंतःस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् :- धारा 9क का संशोधन।

'(2क) उपधारा (1) और उपधारा (2) में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, उपधारा (1) के अधीन निकाली गई किसी अधिसूचना या उपधारा (2) के अधीन अधिरोपित कोई प्रतिपाटन शुल्क, जब तक, यथास्थिति, ऐसी अधिसूचना में या ऐसे अधिरोपण में विनिर्दिष्ट रूप में लागू न किया गया हो, किसी मुक्त व्यापार क्षेत्र में किसी शत-प्रतिशत निर्यातोन्मुख उपक्रम या यूनिट द्वारा आयातित वस्तुओं को लागू नहीं होगा ।

**स्पष्टीकरण**--इस धारा के प्रयोजनों के लिए, "शत-प्रतिशत निर्यातोन्मुख उपक्रम", "मुक्त व्यापार क्षेत्र" और "विशेष आर्थिक क्षेत्र" पदों के वही अर्थ हैं जो केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम, 1944 की धारा 3 की उपधारा (1) के स्पष्टीकरण 2 में हैं ।'।

1944 का 1

**113.** सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम की पहली अनुसूची,-- पहली अनुसूची का संशोधन ।

(क) दूसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट रीति से संशोधित की जाएगी ; और

(ख) ऐसी तारीख से, जो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा नियत करे, तीसरी अनुसूची में विनिर्दिष्ट रीति में भी संशोधित की जाएगी ।

## उत्पाद-शुल्क

1944 का 1

**114.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम, 1944 की (जिसे इसमें इसके पश्चात् केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम कहा गया है) धारा 3 की उपधारा (1) में,-- धारा 3 का संशोधन ।

(क) परंतुक में,--

(i) खंड (i) में, "मुक्त व्यापार क्षेत्र" शब्दों के स्थान पर, "मुक्त व्यापार क्षेत्र या विशेष आर्थिक क्षेत्र" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) खंड (ii) में, "उनका भारत में विक्रय अनुज्ञात किया जाता है" शब्दों के स्थान पर, "उन्हें भारत में किसी अन्य स्थान पर लाया जाता है" शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) स्पष्टीकरण 2 में, खंड (ii) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

'(iii) "विशेष आर्थिक क्षेत्र" से कोई ऐसा क्षेत्र अभिप्रेत है जिसे केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे ।'।

**115.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 3क का लोप किया जाएगा । धारा 3क का लोप।

**116.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 5क की उपधारा (1) में,-- धारा 5क का संशोधन।

(क) परंतुक में,--

(i) खंड (i) में, "मुक्त व्यापार क्षेत्र" शब्दों के स्थान पर, "मुक्त व्यापार क्षेत्र या विशेष आर्थिक क्षेत्र" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) खंड (ii) में, "उनका भारत में विक्रय अनुज्ञात किया जाता है" शब्दों के स्थान पर, "उन्हें भारत में किसी अन्य स्थान पर लाया जाता है" शब्द रखे जाएंगे ;

(ii) स्पष्टीकरण में, "मुक्त व्यापार क्षेत्र" शब्दों के स्थान पर, "मुक्त व्यापार क्षेत्र", "विशेष आर्थिक क्षेत्र" शब्द रखे जाएंगे ।

**117.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 11क में उपधारा (2) के पश्चात् निम्नलिखित उपधाराएं अंतःस्थापित की जाएंगी, अर्थात् :-- धारा 11क का संशोधन ।

'(2क) जहां उपधारा (1) के अधीन किसी व्यक्ति को किसी सूचना की तामील की गई है वहां केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी उपधारा (1) के अधीन उस व्यक्ति को सूचना की तामील की तारीख से,--

(i) यदि किसी उत्पाद-शुल्क का, उद्ग्रहण नहीं किया गया है या संदाय नहीं किया गया है या कम उद्ग्रहण किया गया है या कम संदाय किया गया है या किसी कपट या दुस्संधि, जानबूझकर किए गए मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने के कारण उसका भूल से प्रतिदाय किया गया है या शुल्क के संदाय से बचने के आशय से इस अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन किया गया था, जहां यह संभव हो, एक वर्ष की अवधि के भीतर ऐसे शुल्क की रकम अवधारित करेगा; और

(ii) किसी अन्य दशा में, जहां यह संभव हो, छह मास की अवधि के भीतर, ऐसे शुल्क की रकम, जिसे उद्गृहीत नहीं किया गया है या संदत्त नहीं किया गया है या कम उद्गृहीत किया गया है या कम संदत्त किया गया है या उसका भूल से प्रतिदाय किया गया है, अवधारित करेगा।

(2ख) जहां किसी उत्पाद-शुल्क का उद्ग्रहण नहीं किया गया है या संदाय नहीं किया गया है या कम उद्ग्रहण किया गया है या कम संदाय किया गया है या भूल से प्रतिदाय किया गया है, वहां उस उत्पाद-शुल्क से, जिसका उद्ग्रहण नहीं किया गया है या कम उद्ग्रहण किया गया है या संदाय नहीं किया गया है, या कम संदाय किया गया है या भूल से प्रतिदाय किया गया है, प्रभार्य व्यक्ति शुल्क की बाबत उपधारा (1) के अधीन उसको सूचना की तामील के पूर्व शुल्क की रकम का संदाय कर सकेगा और ऐसे संदाय के बारे में केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी को लिखित रूप से सूचित कर सकेगा, जो ऐसी सूचना की प्राप्ति पर इस प्रकार संदत्त शुल्क की बाबत उपधारा (1) के अधीन किसी सूचना की तामील नहीं करेगा :

परंतु केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी, शुल्क के कम संदाय की रकम का, यदि कोई है, जिसका, उसकी राय में, ऐसे व्यक्ति द्वारा संदाय नहीं किया गया है, अवधारण कर सकेगा और तब केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी इस धारा में विनिर्दिष्ट रीति से ऐसी रकम को वसूल करने की कार्यवाही कर सकेगा और उपधारा (1) में निर्दिष्ट "एक वर्ष" की अवधि की गणना संदाय की ऐसी सूचना की तारीख से की जाएगी ।

**स्पष्टीकरण 1**--इस उपधारा में अंतर्विष्ट कोई बात किसी ऐसी दशा में लागू नहीं होगी जिसमें शुल्क का उद्ग्रहण नहीं किया गया था या संदाय नहीं किया गया था या कम उद्ग्रहण किया गया था या कम संदाय किया गया था या कपट, दुस्संधि या जानबूझकर किए गए मिथ्या कथन या तथ्यों को छिपाने के कारण उसका भूल से प्रतिदाय किया गया था या शुल्क के संदाय से बचने के आशय से इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए किसी नियमों के उपबंधों का उल्लंघन किया गया था।

**स्पष्टीकरण 2**--शंकाओं के निराकरण के लिए, यह घोषित किया जाता है कि धारा 11कख के अधीन ब्याज इस उपधारा के अधीन व्यक्ति द्वारा संदत्त रकम और यदि यह उपधारा न होती, केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी द्वारा यथाअवधारित शुल्क के कम संदाय की रकम, यदि कोई है, पर संदेय होगा ।

(2ग) उपधारा (2ख) के उपबंध किसी ऐसी दशा में लागू नहीं होंगे जिसमें शुल्क संदेय हो गया हो या जिसका उस तारीख के पूर्व संदाय कर दिया जाना चाहिए था जिसको वित्त विधेयक, 2001 को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त होती है ।'।

धारा 11कक का संशोधन ।

**118.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 11कक को उसकी उपधारा (1) के रूप में पुनःसंख्यांकित किया जाएगा और इस प्रकार पुनःसंख्यांकित उपधारा (1) के पश्चात् निम्नलिखित उपधारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :--

"(2) उपधारा (1) के उपबंध ऐसी दशाओं को लागू नहीं होंगे जिनमें शुल्क या ब्याज उस तारीख को या उसके पश्चात् जिसको वित्त विधेयक, 2001 को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त होती है, संदेय हो जाता है ।'।

धारा 11कख का संशोधन ।

**119.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 11कख में,--

(क) उपधारा (1) के स्थान पर निम्नलिखित उपधारा रखी जाएगी, अर्थात् :--

"(1) जहां किसी उत्पाद-शुल्क का उद्ग्रहण नहीं किया गया है या संदाय नहीं किया गया है या कम उद्ग्रहण किया गया है या कम संदाय किया गया है या उसका भूल से प्रतिदाय किया गया है वहां ऐसा व्यक्ति, जो धारा 11क की उपधारा (2) या उपधारा (2ख) के अधीन यथाअवधारित शुल्क का संदाय करने के लिए दायी है, ऐसे शुल्क के अतिरिक्त, ऐसी दर से, जो प्रतिवर्ष अठारह प्रतिशत से कम और छत्तीस प्रतिशत से अधिन न हो, उस मास के, जिसमें, यदि धारा 11क की उपधारा (2) और उपधारा (2ख) में अंतर्विष्ट उपबंध नहीं होते तो, इस अधिनियम या इसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन शुल्क का संदाय किया जाना चाहिए था, यथास्थिति, उत्तरवर्ती मास के पहले दिन से या ऐसे भूल से प्रतिदाय की तारीख से ऐसे शुल्क के संदाय की तारीख तक, जो तत्समय केन्द्रीय सरकार द्वारा अधिसूचना द्वारा नियत की गई हो, ब्याज का संदाय करने का दायी होगा :

परंतु ऐसी दशाओं में, जिनमें बोर्ड द्वारा धारा 37ख के अधीन आदेश, अनुदेश या निदेश के जारी किए जाने के परिणामस्वरूप शुल्क संदेय हो जाता है और संदेय शुल्क की ऐसी रकम का, यथास्थिति, ऐसे आदेश, अनुदेश या निदेश के जारी किए जाने की तारीख से पैंतालीस दिन के भीतर किसी पश्चात्वर्ती प्रकम पर ऐसे संदाय के विरुद्ध अपील करने के किसी अधिकार को आरक्षित किए बिना पूर्णतः स्वेच्छया संदाय कर दिया जाता है, कोई ब्याज संदेय नहीं होगा ; और अन्य मामलों में, पहले की संदत्त रकम सहित संपूर्ण रकम पर ब्याज संदेय होगा ।';

(ख) उपधारा (2) के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :--

"(2) उपधारा (1) के उपबंध उन दशाओं में लागू नहीं होंगे जिनमें सूचना, शुल्क उस तारीख से पूर्व संदेय हो गया था या संदत्त किया जाना चाहिए था, जिसको वित्त विधेयक, 2001 को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त होती है ।'।

धारा 11खख का संशोधन ।

**120.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 11खख में, "दस प्रतिशत प्रति वर्ष से अन्यून" शब्दों के स्थान पर, "पांच प्रतिशत प्रति वर्ष से अन्यून" शब्द रखे जाएंगे ।

धारा 35 का संशोधन।

**121.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 35 की उपधारा (1) में,--

(i) "तीन मास के भीतर" शब्दों के स्थान पर "साठ दिन के भीतर" शब्द रखे जाएंगे ।

(ii) परंतुक के स्थान पर, निम्नलिखित परंतुक रखा जाएगा, अर्थात् :--

"परंतु यदि आयुक्त (अपील) का यह समाधान हो जाता है कि अपीलार्थी पर्याप्त कारण से पूर्वोक्त साठ दिन की अवधि के भीतर अपील करने से निवारित हो गया था तो वह तीस दिन की और अवधि के भीतर उसे अपील प्रस्तुत करने के लिए अनुज्ञात कर सकेगा ।'।

धारा 35क का संशोधन ।

**122.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 35क में,-

(क) उपधारा (3) में, "आयुक्त (अपील) ऐसी" शब्दों और कोष्ठकों से आरंभ होने वाले और "पुनःनिर्दिष्ट कर सकेगा" शब्दों पर समाप्त होने वाले भाग के स्थान पर, निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"आयुक्त (अपील) ऐसी और जांच करने के पश्चात्, जो वह आवश्यक समझे, जिस विनिश्चय या आदेश के विरुद्ध अपील की गई है, उसकी पुष्टि, उसका उपांतरण या उसे बातिल करते हुए ऐसा आदेश पारित करेगा जो वह न्यायसंगत और उचित समझे :";

(ख) उपधारा (4) के पश्चात् निम्नलिखित अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"(4क) आयुक्त (अपील), जहां ऐसा करना संभव हो, प्रत्येक अपील की, उसके फाइल किए जाने की तारीख से छह मास की अवधि के भीतर सुनवाई करेगा और उसका विनिश्चय करेगा ।'।

धारा 35ङ का संशोधन ।

**123.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 35ङ की उपधारा (1) में, "ऐसे आयुक्त" शब्दों के पश्चात् "या किसी अन्य आयुक्त" शब्द अंतःस्थापित किए जाएंगे ।

धारा 35च का संशोधन ।

**124.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 35च में, परंतुक के पश्चात् निम्नलिखित परंतुक अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"परंतु यह और कि जहां पहले परंतुक के अधीन मांग किए गए शुल्क या पहले परंतुक के अधीन उद्गृहीत शास्ति को जमा करने से अभिमुक्ति के लिए आयुक्त (अपील) के समक्ष कोई आवेदन फाइल किया जाता है वहां आयुक्त (अपील), जहां यह संभव हो, ऐसे आवेदन का, उसके फाइल करने की तारीख से तीस दिन के भीतर, विनिश्चय करेगा ।'।

नई धारा 38क का अंतःस्थापन ।

**125.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम की धारा 38 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अंतःस्थापित की जाएगी और 28 फरवरी, 1944 से ही अंतःस्थापित की गई समझी जाएगी, अर्थात् :--

"38क. जहां इस अधिनियम के अधीन बनाए गए किसी नियम, निकाली गई अधिसूचना या किए गए आदेश अथवा उसके अधीन ऐसे नियम, निकाली गई किसी अधिसूचना या किए गए किसी आदेश का संशोधन किया जाता है निरसन किया जाता है, अधिक्रमण किया जाता है या विखंडन किया जाता है वहां जब तक कोई भिन्न आशय प्रतीत न हो, ऐसे संशोधन, निरसन, अधिक्रमण या विखंडन से,-- नियमों,अधिसूचनाओं या आदेशों के संशोधन आदि का प्रभाव ।

(क) ऐसी कोई बात पुनः प्रवर्तित नहीं होगी जो उस समय प्रवृत्त या विद्यमान नहीं है जब संशोधन, निरसन, अधिक्रमण या विखंडन प्रभावी हुआ ; या

(ख) इस प्रकार संशोधित, निरसित, अधिक्रांत या विखंडित किसी नियम, अधिसूचना या आदेश के पूर्व में प्रवर्तन पर या उसके अधीन सम्यक् रूप से की गई किसी बात या उठाई गई हानि पर प्रभाव नहीं पड़ेगा ; या

(ग) इस प्रकार संशोधित, निरसित, अधिक्रांत या विखंडित किसी नियम, अधिसूचना या आदेश के अधीन अर्जित, प्रोद्भूत या उपगत किसी अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता या दायित्व पर प्रभाव नहीं पड़ेगा ; या

(घ) इस प्रकार संशोधित, निरसित, अधिक्रांत या विखंडित किसी नियम, अधिसूचना या आदेश के अधीन या उल्लंघन में किए गए किसी अपराध की बाबत उपगत किसी शास्ति, समपहरण या दंड पर प्रभाव नहीं पड़ेगा ; या

(ङ) यथापूर्वोक्त किसी ऐसे अधिकार, विशेषाधिकार, बाध्यता, दायित्व, शास्ति, समपहरण या दंड की बाबत किसी अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार पर प्रभाव नहीं पड़ेगा ,--

और कोई ऐसा अन्वेषण, विधिक कार्यवाही या उपचार इस प्रकार संस्थित, जारी या प्रवृत्त रहेगा और ऐसी कोई शास्ति, समपहरण या दंड इस प्रकार अधिरोपित हो सकेगा मानो, यथास्थिति, नियम, विनियम, अधिसूचना या आदेश संशोधित, निरसित, अधिक्रांत या विखंडित नहीं किया गया हो ।"।

**126.** 28 फरवरी, 1944 से ही प्रारंभ होने वाली और उस दिन को, जिसको वित्त विधेयक, 2001 को राष्ट्रपति की अनुमति प्राप्त होती है, समाप्त होने वाली अवधि के दौरान किसी समय केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम के अधीन बनाए गए किसी नियम, निकाली गई किसी अधिसूचना या किए गए किसी आदेश या ऐसे नियम के अधीन निकाली गई कोई अधिसूचना या किए गए आदेश के अधीन की गई किसी कार्रवाई या किसी बात या किए जाने वाले किसी लोप या यह तात्पर्यित है कि वह की गई है लोप किया गया है, के बारे में यह समझा जाएगा कि वह सभी प्रयोजनों के लिए विधिमान्य रूप से और प्रभावी रूप से इस प्रकार की गई या किए जाने से लोप की गई या सदैव की गई समझी जाएगी मानो वित्त अधिनियम, 2001 की धारा 125 द्वारा किया गया संशोधन सभी तात्विक समयों पर प्रवृत्त रहा हो और तदनुसार किसी न्यायालय, अधिकरण या अन्य प्राधिकारी के किसी निर्णय, डिक्री या आदेश में अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी,— की गई कतिपय कार्रवाइयों का विधिमान्यकरण।

(क) ऐसे किसी नियम, अधिसूचना या आदेश के अधीन किसी उत्पाद-शुल्क्य माल की बाबत उक्त अवधि के दौरान की गई किसी कार्रवाई या किसी बात या किए गए किसी लोप के बारे में यह समझा जाएगा कि वह विधिमान्य रूप से इस प्रकार की गई है या सदैव की गई है या किया गया है मानो वित्त अधिनियम, 2001 की धारा 125 द्वारा किया गया संशोधन सभी तात्विक समयों पर प्रवृत्त रहा हो ;

(ख) ऐसे किसी नियम, अधिसूचना या आदेश के अधीन किसी उत्पाद-शुल्क्य माल की बाबत की गई किसी बात या किए गए किसी लोप के लिए कोई बात या अन्य कार्यवाही किसी न्यायालय अधिकरण या किसी अन्य प्राधिकारी के समक्ष न तो चलाई जाएगी न जारी रखी जाएगी और इस प्रकार की गई किसी कार्रवाई या किसी बात या किए गए लोप के संबंध में किसी डिक्री या आदेश का किसी न्यायालय द्वारा कोई प्रवर्तन नहीं किया जाएगा मानो वित्त अधिनियम, 2001 की धारा 125 द्वारा किया गया संशोधन सभी तात्विक समयों पर प्रवृत्त रहा हो ;

(ग) ऐसे शुल्क या ब्याज या शास्ति या जुर्माने या निवेशों या पूंजी माल की बाबत शुल्क के जमा अन्य प्रभारों की, जिनका, यथास्थिति, संग्रहण या प्रतिदाय नहीं किया गया है, ऐसी सभी रकमों की वसूली की जाएगी मानो वित्त अधिनियम, 2001 की धारा 125 द्वारा किया गया संशोधन सभी तात्विक समयों पर प्रवृत्त रहा हो।

**स्पष्टीकरण**--शंकाओं के निराकरण के लिए, यह घोषित किया जाता है कि किसी व्यक्ति की ओर से किया गया कोई ऐसा कार्य या लोप अपराध के रूप में दण्डनीय नहीं होगा जो, यदि यह धारा प्रवर्तन में नहीं रही होती तो, इस प्रकार दण्डनीय नहीं होता।

## केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क टैरिफ

**127.** केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क टैरिफ अधिनियम, 1985 में (जिसे इसमें इसके पश्चात् केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क टैरिफ अधिनियम कहा गया है),-- 1986 के अधिनियम 5 का संशोधन ।

(i) पहली अनुसूची का चौथी अनुसूची में विनिर्दिष्ट रीति से संशोधन किया जाएगा ;

(ii) दूसरी अनुसूची का पांचवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट रीति से संशोधन किया जाएगा ;

**128.** अतिरिक्त उत्पाद-शुल्क (विशेष महत्व का माल) अधिनियम, 1957 का (जिसे इसमें इसके पश्चात् अतिरिक्त उत्पाद-शुल्क टैरिफ अधिनियम कहा गया है), छठी अनुसूची में विनिर्दिष्ट रीति से संशोधन किया जाएगा । 1957 के अधिनियम 58 का संशोधन ।

**129.** (1) सातवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट ऐसे माल की दशा में, जो विनिर्मित या उत्पादित माल हैं, राष्ट्रीय विपत्ति आकस्मिक शुल्क के (जिसे इसमें इसके पश्चात् राष्ट्रीय विपत्ति शुल्क कहा गया है) नाम से ज्ञात उत्पाद-शुल्क, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट दरों से, संघ के प्रयोजनों के लिए, अधिभार द्वारा उद्गृहीत और संगृहीत किया जाएगा । राष्ट्रीय विपत्ति आकस्मिक शुल्क।

1944 का 1

(2) सातवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट माल पर प्रभार्य राष्ट्रीय विपत्ति शुल्क केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम, 1944 या तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि के अधीन ऐसे माल पर प्रभार्य किसी अन्य उत्पाद-शुल्क के अतिरिक्त होगा ।

(3) केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम और तद्धधीन बनाए गए नियमों के उपबंध, जिनके अंतर्गत वे भी हैं जो शुल्कों और शास्ति के अधिरोपण के प्रतिदाय और छूट से संबंधित हैं, यथाशक्य, सातवीं अनुसूची में विनिर्दिष्ट माल की बाबत इस धारा के अधीन उदग्रहणीय राष्ट्रीय विपत्ति शुल्क के उदग्रहण और संग्रहण के संबंध में ऐसे लागू होंगे जैसे वे, यथास्थिति, उक्त अधिनियम या उन नियमों के अधीन ऐसे माल पर उत्पाद-शुल्क के उदग्रहण और संग्रहण के संबंध में लागू होते हैं ।

55

## अध्याय 5

## सेवा-कर

**130.** वित्त अधिनियम, 1994 में, ऐसी तारीख से, जो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे,--

1994 के अधिनियम 32 का संशोधन ।

(क) धारा 65 के स्थान पर, निम्नलिखित धारा रखी जाएगी, अर्थात् :--

परिभाषाएं।

'65. इस अध्याय में, जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,--

(1) "बीमांकक" का वही अर्थ है जो बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 2 के खंड (1) में है ; 1938 का 4

(2) "विज्ञापन" के अंतर्गत कोई सूचना, परिपत्र, लेबल, रैपर, दस्तावेज, होर्डिंग या प्रकाश, ध्वनि, धुएं या गैस के माध्यम से किया गया कोई अन्य श्रव्य या दृश्यरूपण है ;

(3) "विज्ञापन अभिकरण" से विज्ञापन बनाने, तैयार करने, संप्रदर्शन या प्रदर्शन से संबंधित कोई सेवा उपलब्ध कराने में लगा हुआ कोई वाणिज्यिक समुत्थान अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत विज्ञापन परामर्शी है ;

(4) "वायुमार्ग यात्रा अभिकर्ता" से वायुमार्ग द्वारा यात्रा के लिए यात्रा बुक करने के संबंध में कोई सेवा उपलब्ध कराने में लगा हुआ कोई व्यक्ति अभिप्रेत है ;

(5) "अपील अधिकरण" से सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 129 के अधीन गठित सीमाशुल्क, उत्पाद-शुल्क और स्वर्ण (नियंत्रण) अपील अधिकरण अभिप्रेत है ; 1962 का 52

(6) "वास्तुविद्" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसका नाम, तत्समय, वास्तुविद् अधिनियम, 1972 की धारा 23 के अधीन रखे गए वास्तुविदों के रजिस्टर में दर्ज है और इसके अंतर्गत किसी भी रीति से स्थापत्य कला के क्षेत्र में सेवाएं प्रदान करने में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लगा हुआ कोई वाणिज्यिक समुत्थान भी है ; 1972 का 20

(7) "निर्धारिती" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो सेवा कर का संदाय करने के लिए दायी है और इसके अंतर्गत उसका अभिकर्ता भी है ;

(8) "प्राधिकृत सर्विस स्टेशन" से किसी आटोमोबाइल विनिर्माता द्वारा विनिर्मित किसी आटोमोबाइल की कोई सर्विस या मरम्मत करने के लिए उस आटोमोबाइल बिनिर्माता द्वारा प्राधिकृत कोई सर्विस स्टेशन या केन्द्र अभिप्रेत है ;

(9) "बैंककारी" और "बैंककारी कंपनी" के वही अर्थ होंगे जो बैंककारी विनियमन अधिनियम, 1949 की धारा 5 के खंड (ख) और खंड (ग) में क्रमशः उनके हैं ; 1949 का 10

(10) "बैककारी और अन्य वित्तीय सेवाओं" से किसी बैंककारी कंपनी या किसी वित्तीय संस्था, जिसके अंतर्गत गैर बैंककारी वित्तीय कंपनी भी है, द्वारा प्रदान की गई निम्नलिखित सेवाएं हैं, अर्थात् :--

(i) वित्तीय पट्टा सेवाएं, जिसके अंतर्गत किसी निगमित निकाय द्वारा उपस्कर पट्टे पर देना और अवक्रय करना है ;

(ii) क्रेडिट कार्ड सेवाएं ;

(iii) वणिक् बैंकिंग सेवाएं ;

(iv) प्रतिभूति और विदेशी मुद्रा (फौरेक्स) दलाली ;

(v) आस्ति प्रबंधन, जिसके अंतर्गत पोर्टफोलियो प्रबंधन, सभी प्रकार के निधि प्रबंधन, पेंशन निधि प्रबंधन, अभिरक्षा संबंधी निक्षेपागार और न्यास सेवाएं भी हैं किन्तु इसके अंतर्गत रोकड़ प्रबंधन नहीं है ;

(vi) सलाहकार और अन्य सहायक वित्तीय सेवाएं, जिसके अंतर्गत विनिधान और पोर्टफोलियो अनुसंधान और सलाह, समामेलन और अर्जन पर सलाह तथा निगमित पुनःसंरचना और युक्ति पर सलाह है ; और

(vii) सूचना और डाटा प्रसंस्करण का उपबंध और अंतरण ।

(11) "बोर्ड" से केन्द्रीय राजस्व बोर्ड अधिनियम, 1963 के अधीन गठित केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क और सीमाशुल्क बोर्ड अभिप्रेत है ; 1963 का 54

(12) " निगमित निकाय" का वही अर्थ होगा जो कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 2 के खंड (7) में है ; 1956 का 1

(13) " प्रसारण" का वही अर्थ होगा जो प्रसार भारती (भारतीय प्रसारण निगम) अधिनियम, 1990 की धारा 2 के खंड (ग) में है ; 1990 का 25

(14) " कैब" से मोटर कैब या मैक्सी कैब अभिप्रेत है ;

(15)" खान-पान प्रबंधक" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो किसी प्रयोजन या अवसर के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी खाद्य, खाद्य निर्मितियों, एल्कोहाली या गैर-एल्कोहाली पेयों या क्राकरी और समरूप वस्तुओं या साज-सज्जाओं का प्रदाय करता है ;

(16) "समाशोधन और अग्रेषण अभिकर्ता" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो किसी दूसरे व्यक्ति को किसी रीति से समाशोधन और अग्रेषण संक्रियाओं से संबंधित कोई सेवा, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से उपलब्ध कराने में लगा हुआ है और इसके अंतर्गत परेषण अभिकर्ता है ;

(17) "कंप्यूटर नेटवर्क" का वही अर्थ है जो सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (ञ) में है ;

(18) " परामर्शी इंजीनियर" से कोई ऐसा वृत्तिक रूप से अर्हित इंजीनियर या इंजीनियरी फर्म अभिप्रेत है, जो इंजीनियरी की एक या अधिक शाखाओं में किसी कक्षीकार को, किसी रीति से, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई सलाह, परामर्श या तकनीकी सहायता प्रदान करती है ;

(19) "कन्वेंशन" से एक प्ररूपक बैठक या सभा अभिप्रेत है, जो साधारण जनता के लिए खुली नहीं है, किन्तु जिसके अंतर्गत ऐसी बैठक या सभा नहीं है जिसका मुख्य उद्देश्य किसी प्रकार का आमोद-प्रमोद, मनोरंजन या मनबहलाव करना है ;

(20) "कुरियर अभिकरण" से, ऐसा वाणिज्यिक समुत्थान अभिप्रेत है, जो समय- प्रभाव-ग्रहणशील दस्तावेजों, माल या वस्तुओं को ले जाने के लिए या उनके साथ जाने के लिए, प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से किसी व्यक्ति की सेवाओं का उपयोग करते हुए ऐसी दस्तावेजों, माल या वस्तुओं के घर-घर परिवहन में लगा हुआ है ;

(21) "क्रेडिट रेटिंग अभिकरण" से ऐसा वाणिज्यिक समुत्थान अभिप्रेत है जो किसी ऋण बाध्यता या वित्त की अपेक्षा करने वाले किसी परियोजना या कार्यक्रम की, चाहे ऋण के रूप में हो या अन्यथा, क्रेडिट रेटिंग के कारबार में लगा हुआ है और इसके अंतर्गत किसी वित्तीय बाध्यता, लिखत या प्रतिभूति की, जिसका प्रयोजन किसी संभावी विनिधानकर्ता या किसी अन्य व्यक्ति को ब्याज या मूलधन के समय पर संदाय संबंधी सुरक्षा से संबंधित कोई जानकारी उपलब्ध कराना है, क्रेडिट रेटिंग भी है ;

1962 का 52 (22) "सीमाशुल्क सदन अभिकर्ता" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो सीमाशुल्क अधिनियम, 1962 की धारा 146 की उपधारा (2) के अधीन बनाए गए विनियमों के अधीन अस्थायी रूप से या अन्यथा अनुज्ञप्त है ;

(23) "डाटा" का वही अर्थ है जो सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 2 की उपधारा (1) के खंड (ण) में है;

(24) "इलेक्ट्रानिक अभिलेख" का वही अर्थ है जो सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 2 के खंड (द) में है ;

(25) "अनुकृति" (फैक्स) से, दूर संचार का वह रूप अभिप्रेत है जिसके द्वारा स्थिर ग्राफिक आकृतियों जैसे मुद्रित पाठ और तस्वीरें स्कैन की जाती है और सूचना को दूर संचार प्रणाली पर पारेषण के लिए विद्युत संकेतों में संपरिवर्तित किया जाता है ।

1934 का 2 (26) " वित्तीय संस्था"का वही अर्थ है जो भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45झ के खंड (ग) में है ;

1972 का 57 (27) " साधारण बीमा कारबार" का वही अर्थ है जो साधारण बीमा कारबार (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 की धारा 3 के खंड (छ) में है ;

1930 का 3 (28) " माल" का वही अर्थ है जो माल विक्रय अधिनियम, 1930 की धारा 2 के खंड (7) में है ;

2000 का 2 (29) " सूचना"का वही अर्थ है जो सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000 की धारा 2 के खंड (v) में है ;

1938 का 4 (30) " बीमा अभिकर्ता" का वही अर्थ है जो बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 2 के खंड (10) में है ;

(31) " बीमा सहायक सेवा" से ऐसी कोई सेवा अभिप्रेत है जो किसी बीमांकक, मध्यवर्ती या बीम मध्यवर्ती या किसी बीमा अभिकर्ता द्वारा साधारण बीमा कारबार के संबंध में उपलब्ध कराई जाती है और इसके अंतर्गत जोखिम निर्धारण, दावा निपटारा, सर्वेक्षण और हानि निर्धारण है ;

(32) " मध्यवर्ती या बीमा मध्यवर्ती" का वही अर्थ है जो बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण अधिनियम, 1999 की धारा 2 के खंड (ठ) के उपखंड (च) में है ;

(33) "बीमाकर्ता" से भारत में साधारण बीमा कारबार करने वाला कोई व्यक्ति अभिप्रेत है ;

(34) "आंतरिक साज-सज्जक" से, ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो सलाह, परामर्श, तकनीकी सहायता के रूप में या किसी अन्य रीति से, स्थानों की योजना, डिजाइन बनाने या उन्हें सजाने, चाहे मानव निर्मित हो या अन्यथा, से संबंधित सेवाएं उपलब्ध कराने के कारबार में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से लगा हुआ है और इसके अंतर्गत परिदृश्य डिजाइनर भी है ;

(35) "पट्टा पर दिए गए सर्किट" से अभिदाता के अनन्य उपयोग के लिए नियत दो अवस्थानों के मध्य उपलब्ध कराई गई कोई समर्पित योजक अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत वाक् सर्किट, डाटा सर्किट या तार सर्किट भी है ;

(36) "चुंबकीय भंडारण युक्ति" के अंतर्गत मोम के ब्लैंक, डिस्क या ब्लैंक, मूल ध्वन्यांकन के प्रयोजन के लिए फिल्म की पट्टियां हैं ;

(37) "प्रबंध परामर्शी" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो किसी संगठन के प्रबंध के संबंध में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से, किसी भी रीति से, कोई सेवा उपलब्ध कराने में लगा हुआ है और इसके अंतर्गत कोई ऐसा व्यक्ति भी है, जो किसी संगठन की किसी कार्य प्रणाली की संकल्पना, अभिकल्पना, विकास, परिष्करण, सुधार या उन्नयन से संबंधित कोई सलाह, परामर्श या तकनीकी सहायता प्रदान करता है ;

1882 का 4 (38) " मंडप" से संपत्ति अंतरण अधिनियम, 1882 की धारा 3 में यथापरिभाषित कोई स्थावर संपत्ति अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत वहां का कोई ऐसा फर्नीचर, फिक्सचर, प्रकाश फिटिंग और उसमें की फर्श की बिछायतें हैं, जो किसी अधिकारिक, सामाजिक या कारबार संबंधी समारोह आयोजित करने के लिए प्रतिफलार्थ भाड़े पर दी जाती हैं ;

(39) " मंडप चलाने वाला" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो किसी आधिकारिक, सामाजिक या कारबार संबंधी समारोह आयोजित करने के लिए प्रतिफलार्थ किसी मंडप के अस्थायी अधिभोग की अनुज्ञा देता है ;

(40) " जनशक्ति भर्ती अभिकरण" से कोई ऐसा वाणिज्यिक समुत्थान अभिप्रेत है जो किसी कक्षीकार को जनशक्ति की भर्ती के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी रीति से कोई सेवा उपलब्ध कराने में लगा हुआ है ;

(41) "बाजार अनुसंधान अभिकरण" से कोई ऐसा वाणिज्यिक समुत्थान अभिप्रेत है, जो किसी उत्पाद, सेवा या उपयोगिता, जिसके अंतर्गत सभी प्रकार की ग्राहक-अपेक्षित और व्यवसायिक रूप से संघटित अनुसंधान सेवाएं हैं, के संबंध में किसी भी रीति से बाजार अनुसंधान करने में लगा हुआ है ;

1988 का 59 (42) "मैक्सी कैब" का वही अर्थ है जो मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 2 के खंड (22) में है ;

1988 का 59 (43) "मोटर कैब"का वही अर्थ है जो मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 2 के खंड (25) में है ;

1934 का 2 (44) "गैर बैंककारी वित्तीय कंपनी" का वही अर्थ है जो भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45झ के खंड (च) में है ;

(45) "ऑन-लाइन सूचना और डाटा आधारित पहुंच या पुनःवापसी" से अभिप्रेत है, किसी ग्राहक को किसी कंप्यूटर नेटवर्क के माध्यम से इलेक्ट्रानिक अभिलेख में पुनःवापस किए जाने योग्य या अन्यथा डाटा या सूचना उपलब्ध कराना ;

(46) "पेजर" से ऐसा उपकरण, यंत्र या साधित्र अभिप्रेत है जो वाणी रहित सूचना-संकेत के साथ एक-तरफा व्यक्तिगत संबोधन पद्धति है और जिसमें संख्यात्मक या वर्ण-संख्यात्मक संदेश प्राप्त करने, संग्रह करने और संप्रदर्शित करने का सामर्थ्य है ;

(47) "फोटोग्राफी" के अंतर्गत स्थिर फोटोग्राफी, चलचित्र पिक्चर फोटोग्राफी, लेजर फोटोग्राफी, हवाई फोटोग्राफी, प्रतिदीप्ति फोटोग्राफी है ;

(48) "फोटोग्राफी स्टूडियो या अभिकरण" से कोई वृत्तिक फोटोग्राफर या ऐसा कोई वाणिज्यिक समुत्थान अभिप्रेत है जो फोटोग्राफी से संबंधित सेवा देने के कारबार में लगा है ;

1938 का 4 (49) "पालिसी धारक" का वही अर्थ है जो बीमा अधिनियम, 1938 की धारा 2 के खंड (2) में है ;

1963 का 38 (50) "पत्तन" का वही अर्थ है जो महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 2 के खंड (थ) में है ;

(51) "पत्तन सेवा" से ऐसी कोई सेवा अभिप्रेत है जो किसी जलयान या माल के संबंध में किसी रीति से किसी पत्तन द्वारा दी जाती है ;

(52) "व्यवसायरत चार्टर्ड अकाउन्टेंट" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो भारतीय चार्टर्ड अकाउन्टेंट संस्थान का सदस्य है और चार्टर्ड अकाउन्टेंट अधिनियम, 1949 के उपबंधों के अधीन अनुदत्त व्यवसाय-प्रमाणपत्र धारण कर रहा है और इसके अंतर्गत कोई ऐसा समुत्थान भी है, जो चार्टर्ड लेखा-कर्म के क्षेत्र में सेवा प्रदान करने में लगा हुआ है ; 1949 का 38

(53) "व्यवसायरत लागत लेखापाल" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो भारत का लागत और संकर्म लेखापाल संस्थान का सदस्य है और लागत और संकर्म अकाउन्टेंट अधिनियम, 1959 के उपबंधों के अधीन अनुदत्त व्यवसाय-प्रमाणपत्र धारण कर रहा है और इसके अंतर्गत कोई ऐसा समुत्थान भी है, जो लागत लेखाकर्म के क्षेत्र में सेवा प्रदान करने में लगा हुआ है ; 1959 का 23

(54) "व्यवसायरत कंपनी सचिव" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो भारतीय कंपनी सचिव संस्थान का सदस्य है और कंपनी सचिव अधिनियम, 1980 के उपबंधों के अधीन अनुदत्त व्यवसाय-प्रमाणपत्र धारण कर रहा है और इसके अंतर्गत कोई ऐसा समुत्थान भी है, जो कंपनी सचिव के क्षेत्र में सेवा प्रदान करने में लगा हुआ है ; 1980 का 56

(55) "विहित" से इस अध्याय के अधीन बनाए गए नियमों द्वारा विहित अभिप्रेत है ;

(56) "स्थावर संपदा अभिकर्ता" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो स्थावर संपदा के विक्रय, क्रय, पट्टे या किराए पर देने के संबंध में कोई सेवा प्रदान करने में लगा हुआ है और इसके अंतर्गत स्थावर संपदा परामर्शी भी है ;

(57) "स्थावर संपदा परामर्शी" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो स्थावर संपदा के मूल्यांकन, संकल्पना, डिजाइन, विकास, सन्निर्माण, कार्यान्वयन, पर्यवेक्षण, अनुरक्षण, विपणन, अर्जन या प्रबंध के संबंध में किसी रीति से सलाह, परामर्शी या तकनीकी सहायता, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से प्रदान करता है ;

(58) "मान्यताप्राप्त स्टाक एक्सचेन्ज" का वही अर्थ है जो प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 की धारा 2 के खंड (च) में है ; 1956 का 42

(59) "कैब भाड़े पर देने की स्कीम आपरेटर" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो कैबों को भाड़े पर देने के कारबार में लगा हुआ है ;

(60) "वैज्ञानिक या तकनीकी परामर्श" से किसी वैज्ञानिक या किसी तकनीक-तंत्री या किसी विज्ञान या प्रौद्योगिकी संस्था या संगठन द्वारा किसी कक्षीकार को विज्ञान या प्रौद्योगिकी की एक या अधिक शाखाओं में, प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी रीति से, दी गई कोई सलाह, परामर्शी या वैज्ञानिक या तकनीकी सहायता अभिप्रेत है ;

(61) "प्रतिभूति" का वही अर्थ है जो प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 की धारा 2 के खंड (ज) में है ; 1956 का 42

(62) "सुरक्षा अभिकरण" से ऐसा कोई वाणिज्यिक समुत्थान अभिप्रेत है जो किसी जंगम या स्थावर संपत्ति या किसी व्यक्ति की किसी रीति से सुरक्षा से संबंधित सेवाएं प्रदान करने के कारबार में लगा है और इसके अंतर्गत सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराने की सेवाओं सहित किसी तथ्य या क्रियाकलाप के, चाहे वह वैयक्तिक प्रकृति का हो या अन्यथा, अन्वेषण, पता लगाने या सत्यापन की सेवाएं भी हैं ;

(63) "सेवा-कर" से इस अध्याय के उपबंधों के अधीन उद्ग्रहणीय कर अभिप्रेत है ;

(64) "पोत" से समुद्रगामी जलयान अभिप्रेत है और इसके अंतर्गत नौ-चालन जलयान भी है ;

(65) "पोत परिवहन लाइन" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो किसी पोत का स्वामी है या उसे चार्टर करता है और इसके अंतर्गत ऐसा उद्यम भी है, जो पोत-परिवहन के कारबार का प्रचालन करता है या उसका प्रबंध करता है ;

(66) "ध्वन्यांकन" से चुंबकीय भंडारण युक्ति पर ध्वनि का अंकन और किसी रीति से उसका संपादन अभिप्रेत है ;

(67) "ध्वन्यांकन स्टुडियो या अभिकरण" से कोई ऐसा वाणिज्यिक समुत्थान अभिप्रेत है, जो ध्वन्यांकन से संबंधित कोई सेवा देने के कारबार में लगा हुआ है ;

(68) "स्टीमर अभिकर्ता" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से,-

(क) पोत के प्रबंध या प्रस्थान के संबंध में किसी सेवा के निष्पादन, जिसके अंतर्गत उससे संबंधित प्रशासनिक कार्य को प्रदान करना भी है ; या

(ख) किसी पोत परिवहन लाइन के लिए या उसकी ओर से स्थोरा बुक करने, उसे विज्ञापित करने या उसका प्रचार करने ; या

(ग) पोत परिवहन लाइन के लिए या उसकी ओर से आधान सहायक पोषक सेवाएं उपलब्ध कराने,

का कार्य हाथ में लेता है;

(69) "शेयर दलाल" से कोई ऐसा शेयर दलाल अभिप्रेत है जिसने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 के अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार शेयर दलाल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन किया है या वह उस रूप में रजिस्ट्रीकृत है ; 1992 का 15

(70) "उप दलाल" से कोई ऐसा उप दलाल अभिप्रेत है जिसने भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड अधिनियम, 1992 के अधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अनुसार उप दलाल के रूप में रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन किया है या वह उस रूप में रजिस्ट्रीकृत है ; 1992 का 15

(71) "अभिदाता" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसको तार प्राधिकारी द्वारा टेलीफोन कनेक्शन या अनुकृति या पट्टा पर दिए गए सर्किट या पेजर या तार या टेलेक्स की कोई सेवा उपलब्ध कराई गई है ;

(72) "कराधेय सेवा" से कोई ऐसी सेवा अभिप्रेत है जो निम्नलिखित को उपलब्ध कराई जाती है :-

(क) किसी विनिधानकर्ता को, मान्यताप्राप्त स्टाक एक्सचेन्ज में सूचीबद्ध प्रतिभूतियों के विक्रय या क्रय के संबंध में, किसी शेयर दलाल द्वारा ;

(ख) किसी अभिदाता को, किसी टेलीफोन कनेक्शन के संबंध में, तार प्राधिकारी द्वारा ;

(ग) किसी अभिदाता को, किसी पेजर के संबंध में, तार प्राधिकारी द्वारा ;

(घ) किसी पालिसी धारक को, साधारण बीमा कारबार के संबंध में, साधारण बीमा कारबार करने वाले किसी बीमाकर्ता द्वारा ;

(ङ) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से, विज्ञापनों के संबंध में, किसी विज्ञापन अभिकरण द्वारा ;

(च) किसी ग्राहक को, समय-प्रभाव-ग्रहणशील दस्तावेजों, माल या वस्तुओं के घर-घर तक परिवहन के संबंध में किसी कुरियर अभिकरण द्वारा ;

(छ) किसी कक्षीकार को, इंजीनियरी की एक या अधिक शाखाओं में किसी रीति से सलाह, परामर्शी या तकनीकी सहायता के संबंध में किसी परामर्शी इंजीनियर द्वारा ;

(ज) किसी कक्षीकार को, वाहनों के प्रवेश या प्रस्थान अथवा माल के आयात या निर्यात के संबंध में किसी सीमाशुल्क सदन अभिकर्ता द्वारा ;

(झ) किसी पोत परिवहन लाइन को, पोत के प्रबंध या प्रस्थान या उससे संबंधित किसी प्रशासनिक कार्य तथा आधान सहायक सेवा सहित स्थोरा बुक करने, उसे विज्ञापित या उसके लिए प्रचार करने के संबंध में किसी स्टीमर अभिकर्ता द्वारा ;

(ञ) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से, समाशोधन और अग्रेषण संक्रियाओं के संबंध में किसी समाशोधन और अग्रेषण अभिकर्ता द्वारा ;

(ट) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से, जनशक्ति की भर्ती के संबंध में किसी जनशक्ति भर्ती अभिकरण द्वारा ;

(ठ) किसी ग्राहक को, वायु मार्ग द्वारा यात्रा के लिए यात्रा बुक करने के संबंध में, किसी वायु मार्ग यात्रा अभिकर्ता द्वारा ;

(ड) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से, किसी मंडप के उपयोग के संबंध में मंडप लगाने वाले द्वारा, जिसके अंतर्गत ऐसे उपयोग और खान-पान प्रबंधक के रूप में की गई सेवाओं, यदि कोई हो, के संबंध मे किसी ग्राहक को उपलब्ध कराई गई सुविधाएं भी हैं ;

(ढ) किसी व्यक्ति को, किसी पर्यटन के संबंध में किसी पर्यटन आपरेटर द्वारा ;

(ण) किसी व्यक्ति को, कैब को भाड़े पर देने के संबंध में किसी कैब को भाड़े पर देने की स्कीम के आपरेटर द्वारा ;

(त) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से अपनी वृत्तिक हैसियत में किसी वास्तुविद् द्वारा ;

(थ) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से, स्थानों की योजना, डिजाइन बनाने या सजाने, चाहे मानवनिर्मित हों या अन्यथा, के संबंध में किसी आंतरिक साज-सज्जक द्वारा;

(द) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से, किसी संगठन के प्रबंध के संबंध में किसी प्रबंध परामर्शी द्वारा ;

(ध) किसी कक्षीकार को, अपनी वृत्तिक हैसियत में किसी रीति से, किसी व्यवसायरत चार्टर्ड अकाउन्टेन्ट द्वारा ;

(न) किसी कक्षीकार को, अपनी वृत्तिक हैसियत में किसी रीति से, किसी व्यवसायरत लागत लेखापाल द्वारा ;

(प) किसी कक्षीकार को, अपनी वृत्तिक हैसियत में किसी रीति से, किसी व्यवसायरत कंपनी सचिव द्वारा ;

(फ) किसी कक्षीकार को, किसी स्थावर संपदा के संबंध में किसी स्थावर संपदा अभिकर्ता द्वारा ;

(ब) किसी कक्षीकार को, किसी संपत्ति या व्यक्ति की सुरक्षा के संबंध में सुरक्षा कर्मी उपलब्ध कराके या अन्यथा किसी सुरक्षा अभिकरण द्वारा और इसके अंतर्गत किसी तथ्य या क्रियाकलाप के अन्वेषण, पता लगाने या सत्यापन की सेवाओं का उपलब्ध कराया जाना भी है ;

(भ) किसी कक्षीकार को, किसी वित्तीय बाध्यता, लिखत या प्रतिभूति की क्रेडिट रेटिंग के संबंध में किसी क्रेडिट रेटिंग अभिकरण द्वारा ;

(म) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से, किसी उत्पाद, सेवा या उपयोगिता के लिए बाजार अनुसंधान के संबंध में किसी बाजार अनुसंधान अभिकरण द्वारा ;

(य) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से हामीदारी के संबंध में किसी हामीदार द्वारा;

(यक) किसी कक्षीकार को, वैज्ञानिक या तकनीकी परामर्श के संबंध में किसी वैज्ञानिक या किसी तकनीक-तंत्री या किसी विज्ञान या प्रौद्योगिकी संस्था या संगठन द्वारा ;

(यख) किसी ग्राहक को, फोटोग्राफी से संबंधित किसी रीति से, किसी फोटोग्राफी स्टूडियो या अभिकरण द्वारा ;

(यग) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से कन्वेंशन आयोजित कराने के संबंध में किसी वाणिज्यिक समुत्थान द्वारा ;

(यघ) किसी अभिदाता को, पट्टे पर दिए गए सर्किट के संबंध में तार प्राधिकरण द्वारा ;

(यङ) किसी अभिदाता को, तार के माध्यम से संसूचना के संबंध में तार प्राधिकरण द्वारा ;

(यच) किसी अभिदाता को, टैलेक्स के माध्यम से संसूचना के संबंध में तार प्राधिकरण द्वारा ;

(यछ) किसी अभिदाता को, प्रतिरूप संचार के संबंध में तार प्राधिकरण द्वारा ;

(यज) किसी ग्राहक को, कंप्यूटर नेटवर्क के माध्यम से इलेक्ट्रानिक अभिलेख में किसी रीति से ऑन लाइन सूचना और डाटा आधारित पहुंच या पुनर्वापसी,या दोनों के संबंध में किसी वाणिज्यिक समुत्थान द्वारा ;

(यझ) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से, वीडियो टेप निर्माण के संबंध में किसी वीडियो निर्माण अभिकरण द्वारा ;

(यञ) किसी कक्षीकार को, किसी भी प्रकार के ध्वन्यांकन के संबंध में किसी ध्वन्यांकन स्टूडियो या कंपनी द्वारा ;

(यट) किसी कक्षीकार को, किसी रीति से, प्रसारण के संबंध में किसी प्रसारण अभिकरण या संगठन द्वारा ;

(यठ) किसी पालिसी धारक को, बीमा सहायक सेवा के संबंध में किसी बीमांकक या मध्यवर्ती या बीमा मध्यवर्ती या बीमा अभिकर्ता द्वारा ;

(यड) किसी ग्राहक को, बैंककारी और अन्य वित्तीय सेवाओं के संबंध में किसी बैंककारी कंपनी या वितीय संस्था द्वारा, जिसके अंतर्गत गैर बैंककारी वित्तीय कंपनी भी है ;

(यढ) किसी व्यक्ति को किसी रीति से पत्तन सेवाओं के संबंध में किसी पत्तन द्वारा ;

(यण) किसी ग्राहक को, किसी ऑटोमोबाईल सेवा या मरम्मत के संबंध में किसी रीति से, किसी प्राधिकृत सेवा स्टेशन द्वारा,

और "सेवा प्रदाता" पद का तदनुसार अर्थ लगाया जाएगा ;

(73) "तार" का वही अर्थ है जो भारतीय तार अधिनियम, 1885 की धारा 3 के खंड (1) में है ; 1885 का 13

(74) "तार प्राधिकारी" का वही अर्थ है जो भारतीय तार अधिनियम, 1885 की धारा 3 के खंड (6) में है और इसके अंतर्गत ऐसा व्यक्ति है जिसे उस अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) के पहले परंतुक के अधीन अनुज्ञप्ति दी गई है ; 1885 का 13

(75) "टैलेक्स" से टैलेक्स एक्सचेंजों के माध्यम से टेलीप्रींटर का उपयोग करके टाईप की गई संसूचना अभिप्रेत है ;

(76) "पर्यटन" से एक स्थान से दूसरे स्थान तक की यात्रा अभिप्रेत है चाहे ऐसे स्थानों के बीच की दूरी कुछ भी हो ;

(77) "पर्यटक यान" का वही अर्थ है जो मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा 2 के खंड (43) में है ; 1988 का 59

(78) "पर्यटक आपरेटर" से कोई ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जो मोटर यान अधिनियम, 1988 के या उसके अधीन बनाए गए नियमों के अधीन अनुदत्त अनुज्ञापत्र के अंतर्गत आने वाले किसी पर्यटक यान में पर्यटन कराने के कारबार में लगा हुआ है ; 1988 का 59

(79) "हामीदार" का वही अर्थ है जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (हामीदार) नियम, 1993 के नियम 2 के खंड (च) में है ;

(80) "हामीदारी" का वही अर्थ है जो भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (हामीदार) नियम, 1993 के नियम 2 के खंड (छ) में है ;

(81) "जलयान" का वही अर्थ है जो महापत्तन न्यास अधिनियम, 1963 की धारा 2 के खंड (य) में है ; 1963 का 38

(82) "वीडियो निर्माण अभिकरण" से कोई वृत्तिक वीडियोग्राफर या कोई वाणिज्यिक समुत्थान अभिप्रेत है, जो वीडियोटेप निर्माण से संबंधित सेवा प्रदान करने के कारबार में लगा हुआ है ;

(83) "वीडियो टेप निर्माण" से किसी चुंबकीय टेप पर किसी कार्यक्रम, घटना या समारोह के किसी अंकन की प्रक्रिया अभिप्रेत है ;

(84) वे शब्द और पद, जो इस अध्याय में प्रयुक्त हैं किंतु परिभाषित नहीं है और केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिनियम, 1944 या उसके अधीन बनाए गए नियमों में परिभाषित हैं, जहां तक हो सके, सेवा-कर के संबंध में वैसे ही लागू होंगे, जैसे वे उत्पाद-शुल्क के संबंध में लागू होते हैं ;"; 1944 का 1

(ख) धारा 66 के स्थान पर निम्नलिखित धारा रखी जाएगी, अर्थात् :-

सेवा-कर का प्रभार।

"66. (1) इस अध्याय के प्रारंभ की तारीख से ही, धारा 65 के खंड (72) के उपखंड (क), उपखंड (ख) और उपखंड (घ) में निर्दिष्ट कराधेय सेवाओं के मूल्य के पांच प्रतिशत की दर से कर (जिसे इसमें इसके पश्चात् सेवा-कर कहा गया है) उद्गृहीत और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, संगृहीत किया जाएगा ।

(2) वित्त (संख्यांक 2) अधिनियम, 1996 की धारा 85 के अधीन अधिसूचित तारीख से, धारा 65 के खंड (72) के उपखंड (ग), उपखंड (ङ) और उपखंड (च) में निर्दिष्ट कराधेय सेवाओं के मूल्य के पांच प्रतिशत की दर से सेवा-कर उद्गृहीत और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, संगृहीत किया जाएगा । 1996 का 33

(3) वित्त अधिनियम, 1997 की धारा 88 के अधीन अधिसूचित तारीख से, धारा 65 के खंड (72) के उपखंड (छ), उपखंड (ज), उपखंड (झ), उपखंड (ञ), उपखंड (ट), उपखंड (ठ), उपखंड (ड), उपखंड (ढ) और उपखंड (ण) में निर्दिष्ट कराधेय सेवाओं के मूल्य के पांच प्रतिशत की दर से सेवा-कर उद्गृहीत और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, संगृहीत किया जाएगा । 1997 का 26

(4) वित्त (संख्यांक 2) अधिनियम, 1998 की धारा 116 के अधीन अधिसूचित तारीख से, धारा 65 के खंड (72) के उपखंड (त), उपखंड (थ), उपखंड (द), उपखंड (ध), उपखंड (न), उपखंड (प), उपखंड (फ), उपखंड (ब), उपखंड (भ), उपखंड (म) और उपखंड (य) में निर्दिष्ट कराधेय सेवाओं के मूल्य के पांच प्रतिशत की दर से सेवा-कर उद्गृहीत और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, संगृहीत किया जाएगा । 1998 का 21

(5) वित्त अधिनियम, 2001 की धारा 130 के अधीन अधिसूचित तारीख से, धारा 65 के खंड (72) के उपखंड (यक), (यख), (यग), (यघ), (यङ), (यच), (यछ), (यज), (यझ), (यञ), (यट), (यठ), (यड), (यढ) और (यण) में निर्दिष्ट कराधेय सेवाओं के मूल्य के पांच प्रतिशत की दर पर सेवाकर उद्गृहीत और ऐसी रीति से, जो विहित की जाए, संगृहीत किया जाएगा ।"।

(ग) धारा 67 के स्थान पर, निम्नलिखित धारा रखी जाएगी, अर्थात् :-

सेवा-कर प्रभारित करने के लिए कराधेय सेवाओं का विधिमान्यकरण।

"67. इस अध्याय के प्रयोजनों के लिए, किसी कराधेय सेवाओं का मूल्य, सेवा प्रदाता द्वारा दी गई ऐसी सेवा के लिए, उसके द्वारा प्रभारित सकल रकम होगी ।

**स्पष्टीकरण**--शंकाओं के निराकरण के लिए, यह घोषित किया जाता है कि कराधेय सेवा के मूल्य के अंतर्गत, यथास्थिति, निम्नलिखित हैं,--

(क) किसी दलाल द्वारा प्रतिभूतियों के विक्रय या क्रय पर प्रभारित कमीशन या दलाली का योग, जिसके अंतर्गत किसी स्टॉक-दलाल द्वारा किसी उपदलाल को संदत्त कमीशन या दलाली भी है ;

(ख) किसी अभिदाता द्वारा टेलीफोन या पेजर या अनुकृति या टैलेक्स कनेक्शन या पट्टे पर सर्किट के लिए आवेदन के समय किए गए किसी निक्षेप से तार प्राधिकारी द्वारा किया गया समायोजन ;

(ग) बीमाकर्ता द्वारा पालिसीधारक से प्रभारित प्रीमियम की रकम ;

(घ) वायुयान लाइन से वायुमार्ग यात्रा अभिकर्ता द्वारा प्राप्त कमीशन ;

(ङ) किसी बीमांकक या मध्यवर्ती या बीमा अभिकर्ता द्वारा बीमाकर्ता से प्राप्त कमीशन ; और

(च) विनिर्माता द्वारा विनिर्मित किसी आटोमोबाईल की कोई सेवा चलाने के लिए ऐसे विनिर्माता से प्राधिकृत सर्विस स्टेशन द्वारा प्राप्त प्रतिपूर्ति,

किन्तु इसके अंतर्गत निम्नलिखित नहीं हैं,--

(क) अभिदाता द्वारा टेलीफोन कनेक्शन या पेजर या अनुकृति या तार या टैलेक्स या पट्टे पर सर्किट के लिए आवेदन के समय किया गया आरंभिक निक्षेप ;

(ख) सेवा प्रदान करने के प्रक्रम के दौरान ग्राहक को विक्रीत बिना खुली फोटोग्राफी फिल्म, बिना अंकित चुंबकीय टेप या ऐसी अन्य भंडारण युक्तियां, यदि कोई हो ;

(ग) सेवा प्रदान करने या आटोमोबाईल की मरम्मत के प्रक्रम के दौरान ग्राहक को विक्रीत पुर्जों या उपसाधनों की, यदि कोई हो, लागत ।"।

(घ) धारा 69 में, "केंद्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी" शब्दों के स्थान पर "केंद्रीय उत्पाद-शुल्क अधीक्षक" शब्द रखे जाएंगे।

(ङ) धारा 70 और धारा 71 के स्थान पर निम्नलिखित धाराएं रखी जाएंगी, अर्थात्:-

"70. सेवा-कर का संदाय करने के लिए दायी प्रत्येक व्यक्ति, उसके द्वारा प्रदान की गई सेवाओं के संबंध में शोध्य कर का स्वयं निर्धारण करेगा और ऐसे प्ररूप में और ऐसी रीति से तथा ऐसे अंतराल पर, जो विहित किया जाए, एक विवरणी केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधीक्षक को देगा । विवरणियों का दिया जाना।

71. (1) केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधीक्षक, धारा 70 के अधीन निर्धारिती द्वारा फाइल की गई विवरणी में अंतर्विष्ट जानकारी के आधार पर प्रदान की गई सेवाओं के संबंध में निर्धारिती द्वारा निर्धारित कर की शुद्धता का सत्यापन करेगा । निर्धारिती द्वारा निर्धारित कर का सत्यापन, आदि।

(2) केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधीक्षक, जब भी अपेक्षित हो, ऐसे किन्हीं लेखाओं, प्रस्तावों या अन्य साक्ष्य, जो वह ऐसे सत्यापन के लिए आवश्यक समझे, पेश करने के लिए निर्धारिती से अपेक्षा कर सकेगा ।

(3) यदि उपधारा (2) के अधीन सत्यापन पर, केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधीक्षक की यह राय है कि प्रदान की गई किसी सेवा के संबंध में सेवा-कर निर्धारण से छूट गया है या कम निर्धारित किया गया है तो वह उस मामले को, यथास्थिति, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क सहायक आयुक्त या केन्द्रीय उत्पाद शुल्क उपायुक्त को निर्दिष्ट करेगा, जो निर्धारण का ऐसा आदेश पारित कर सकेगा, जो वह ठीक समझे।";

(च) धारा 72 में,--

(क) "केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी" शब्दों के स्थान पर, जहां-जहां वे आते हैं ", यथास्थिति, केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त" शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) खंड (ख) में, "धारा 71की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई सूचना के सभी निबंधनों का अनुपालन करने में" शब्दों, अंकों और कोष्ठकों के स्थान पर, "धारा 71 के निबंधनों का अनुपालन करने में" शब्द और अंक रखे जाएंगे;

(छ) धारा 73 में,--

(i) खंड (क) के स्थान पर निम्नलिखित खंड रखा जाएगा, अर्थात् :--

"(क) यथास्थिति, केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त के पास यह विश्वास करने का कारण है कि निर्धारिती की ओर से धारा 70 के अधीन कोई विवरणी फाइल करने या धारा 71 के अधीन किसी विहित अवधि के लिए उसके निर्धारण के सत्यापन के लिए अपेक्षित सभी तात्विक तथ्यों को पूर्ण रूप से या सही प्रकट करने में लोप या असफलता के कारण कराधेय सेवा का मूल्य निर्धारण से छूट गया है या अवनिर्धारित किया गया है या किसी राशि का, भूलवश प्रतिदाय किया गया है, या ";

(ii) खंड (ख) में, "केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी" शब्दों से प्रारंभ होने वाले और "अवनिर्धारित की गई है" शब्दों पर समाप्त होने वाले भाग के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :-

"यथास्थिति, केंद्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केंद्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त के पास, उसके कब्जे में जानकारी के परिणामस्वरूप यह विश्वास करने का कारण है कि किसी विहित अवधि में निर्धारणीय किसी कराधेय सेवा का मूल्य निर्धारण से छूट गया है या अवनिर्धारित किया गया है या किसी राशि का भूलवश प्रतिदाय किया गया है";

(iii) निम्नलिखित स्पष्टीकरण अंत में अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

"**स्पष्टीकरण**--जहां सेवा की सूचना, न्यायालय के किसी आदेश द्वारा रोक दी जाती है वहां ऐसे रोके जाने की अवधि, इस धारा के अधीन, यथास्थिति, पांच वर्ष या छह मास की अवधि की संगणना करने में छोड़ दी जाएगी ।";

(ज) धारा 74 में, "केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी" शब्दों के स्थान पर, ", यथास्थिति, केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त" शब्द रखे जाएंगे ;

(झ) धारा 75 में, "प्रत्येक ऐसे मास या मास के भाग के लिए, जिस तक कर या किसी भाग को इस प्रकार जमा करने में विलंब किया गया है, डेढ़ प्रतिशत की दर से" शब्दों के स्थान पर, "उस अवधि के लिए, जिस तक कर या किसी भाग को इस प्रकार जमा करने में विलंब किया गया है, चौबीस प्रतिशत वार्षिक की दर से" शब्द रखे जाएंगे ;

(ञ) धारा 75 के पश्चात् निम्नलिखित धारा अंतःस्थापित की जाएगी, अर्थात् :--

"75क. धारा 68 या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अनुसार सेवा-कर का संदाय करने के लिए दायी ऐसा कोई व्यक्ति, धारा 69 के अधीन रजिस्ट्रीकरण के लिए आवेदन करने में असफल रहता है, पांच सौ रुपए की राशि का, शास्ति के रूप में, संदाय करेगा ।"; रजिस्ट्रीकरण में असफलता के लिए शास्ति।

(ट) धारा 77 में, "उतनी राशि का, जो प्रत्येक ऐसे सप्ताह या उसके भाग के लिए, जिसके दौरान ऐसी असफलता जारी रहती है, एक सौ रुपए से कम की नहीं होगी किंतु दो सौ रुपए की हो सकेगी" शब्दों के स्थान पर, "एक हजार रुपए तक की राशि का," शब्द रखे जाएंगे ;

(ठ) धारा 78 में, "केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी" शब्दों के स्थान पर, जहां-जहां वे आते हैं ", यथास्थिति, केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त" शब्द रखे जाएंगे ;

(ड) धारा 79 में, "यदि केंद्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी का" शब्दों से आरंभ होने वाले और "धारा 71 की उपधारा (1) के अधीन सूचना का अनुपालन करने में असफल रहा है" शब्दों पर समाप्त होने वाले भाग के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :-

"यदि, यथास्थिति, केंद्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केंद्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त का, इस अध्याय के अधीन किसी कार्यवाहियों के प्रक्रम में, यह समाधान हो जाता है कि कोई व्यक्ति धारा 71 के उपबंधों का अनुपालन करने में असफल रहा है,";

(ढ) धारा 82 में, "केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी" शब्दों के स्थान पर, जहां-जहां वे आते हैं, ", यथास्थिति, केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केन्द्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त" शब्द रखे जाएंगे ;

(ण) धारा 84 में,--

(क) उपधारा (1) में, "उसके अधीनस्थ केंद्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी" शब्दों के स्थान पर "यथास्थिति, केंद्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केंद्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त" शब्द रखे जाएंगे ;

(ख) उपधारा (3) में, "केंद्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी" शब्दों के स्थान पर "यथास्थिति, केंद्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केंद्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त" शब्द रखे जाएंगे ;

(त) धारा 85 में, "केंद्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी" शब्दों के स्थान पर, जहां-जहां वे आते हैं, "यथास्थिति, केंद्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केंद्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त" शब्द रखे जाएंगे ;

(थ) धारा 86 में,--

(क) उपधारा (2) के स्थान पर, निम्नलिखित उपधाराएं रखी जाएंगी, अर्थात् :-

"(2) बोर्ड, यदि वह धारा 84 के अधीन केंद्रीय उत्पाद-शुल्क आयुक्त द्वारा पारित किसी आदेश का विरोध करता है तो केंद्रीय उत्पाद-शुल्क आयुक्त को उस आदेश के विरुद्ध अपील अधिकरण में अपील करने का निर्देश दे सकेगा ;

(2क) केंद्रीय उत्पाद-शुल्क आयुक्त, यदि वह धारा 85 के अधीन केंद्रीय उत्पाद-शुल्क आयुक्त (अपील) द्वारा पारित किसी आदेश का विरोध करता है तो, यथास्थिति, केंद्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केंद्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त को उस आदेश के विरुद्ध अपील अधिकरण में अपील करने का निर्देश दे सकेगा ।"।

(ख) उपधारा (3) में, "या उपधारा (2)" शब्दों, कोष्ठक और अंक के स्थान पर, "या उपधारा (2) या उपधारा (2क)" शब्द, अंक, अक्षर और कोष्ठक रखे जाएंगे;

(ग) उपधारा (4) में, "यथास्थिति, केंद्रीय उत्पाद-शुल्क अधिकारी" से प्रारंभ होने वाले और "या उपधारा (2) के अधीन अपील की है," शब्दों पर समाप्त होने वाले भाग के स्थान पर निम्नलिखित रखा जाएगा, अर्थात् :-

"यथास्थिति, केंद्रीय उत्पाद-शुल्क सहायक आयुक्त या केंद्रीय उत्पाद-शुल्क उपायुक्त या निर्धारिती, यह सूचना प्राप्त होने पर कि केंद्रीय उत्पाद-शुल्क आयुक्त या केंद्रीय उत्पाद-शुल्क आयुक्त (अपील) के आदेश के विरुद्ध उपधारा (1) या उपधारा (2) या उपधारा (2क) के अधीन अपील की गई है,";

(घ) उपधारा (6) में, "उपधारा (2) में" शब्दों, कोष्ठक और अंक के स्थान पर, "या उपधारा (2) या उपधारा (2क)" शब्द, अंक, अक्षर और कोष्ठक रखे जाएंगे ।

## अध्याय 6
## प्रकीर्ण

1898 के अधिनियम 6 का संशोधन ।

**131.** भारतीय डाकघर अधिनियम, 1898 की प्रथम अनुसूची के स्थान पर निम्नलिखित अनुसूची ऐसी तारीख से, जो केन्द्रीय सरकार, राजपत्र में अधिसूचना द्वारा, नियत करे, रखी जाएगी, अर्थात् :--

"प्रथम अनुसूची

**(धारा 7 देखिए)**

### अंतर्देशीय डाक महसूल की दरें

**पत्र**

| | |
|---|---|
| बीस ग्राम से अनधिक वजन के लिए | 4.00 रु0 |
| बीस ग्राम से अधिक के हर बीस ग्राम या उसके भिन्नांश के लिए | 4.00 रु0 |

**पत्र-कार्ड**

| | |
|---|---|
| पत्र कार्ड के लिए | 2.00 रु0 |

**पोस्टकार्ड**

| | |
|---|---|
| पोस्ट कार्ड (जो ऐसे पोस्टकार्ड नहीं हैं जिनमें मुद्रित संसूचना या प्रतियोगिता पोस्टकार्ड है) | |
| एकल | 50 पैसे |
| जवाबी | 1.00 रु0 |

**मुद्रित पोस्टकार्ड**

**पोस्टकार्ड जिनमें मुद्रित संसूचना है (जो प्रतियोगिता पोस्टकार्ड नहीं है)**

| | |
|---|---|
| एक पोस्टकार्ड के लिए | 3.00 रु0 |

**स्पष्टीकरण**--यदि पोस्टकार्ड में कोई बात (भेजने वाले के नाम और पते तथा उससे संबंधित अन्य विशिष्टियों तथा भेजने के स्थान और तारीख को छोड़कर) मुद्रण या चक्र-मुद्रण या किसी अन्य यांत्रिकी प्रक्रिया द्वारा, टंकण के सिवाय, पोस्टकार्ड के पते वाले पृष्ठ के दाहिने हाथ के आधे भाग के सिवाय किसी अन्य भाग पर अभिलिखित की जाती है तो यह समझा जाएगा कि उस पोस्टकार्ड में मुद्रित संसूचना है ।

**प्रतियोगिता पोस्टकार्ड**

| | |
|---|---|
| एक पोस्टकार्ड के लिए | 5.00 रु0 |

**स्पष्टीकरण**--यदि पोस्टकार्ड का प्रयोग टेलीविजन, रेडियो, समाचारपत्र, पत्रिका अथवा किसी अन्य संचार माध्यम से आयोजित किसी प्रतियोगिता के जवाब में किया जाता है तो यह समझा जाएगा कि वह पोस्टकार्ड, प्रतियोगिता पोस्टकार्ड है ।

**पुस्तक पैटर्न और सैम्पल पैकेट**

| | |
|---|---|
| प्रथम पचास ग्राम या उसके भिन्नांश के लिए | 3.00 रु0 |
| पचास ग्राम से अधिक के हर अतिरिक्त पचास ग्राम या उसके भिन्नांश के लिए | 4.00 रु0 |

## रजिस्ट्रीकृत समाचारपत्र

| | |
|---|---|
| पचास ग्राम से अनधिक वजन के लिए | 25 पैसे |
| पचास ग्राम से अधिक किन्तु एक सौ ग्राम से अनधिक वजन के लिए | 50 पैसे |
| एक सौ ग्राम से अधिक के हर अतिरिक्त एक सौ ग्राम या उसके भिन्नांश के लिए | 20 पैसे |

किसी रजिस्ट्रीकृत समाचारपत्र के उसी अंक की एक से अधिक प्रतियां एक ही पैकेट में ले जाने की दशा में--

| | |
|---|---|
| एक सौ ग्राम से अनधिक वजन के लिए | 50 पैसे |
| एक सौ ग्राम से अधिक के हर अतिरिक्त एक सौ ग्राम या उसके भिन्नांश के लिए | 20 पैसेः |

परंतु ऐसा पैकेट किसी प्रेषिती के निवास स्थान पर परिदत्त नहीं किया जाएगा किन्तु किसी मान्यताप्राप्त अभिकर्ता को डाकघर में दिया जाएगा ।

## पार्सल

| | |
|---|---|
| पांच सौ ग्राम से अनधिक वजन के लिए | 16.00 रु0 |
| पांच सौ ग्राम से अधिक के हर पांच सौ ग्राम या उसके भिन्नांश के लिए | 15.00रु0 ।"। |

**132.** केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम, 1956 की धारा 14 में,-- 1956 के अधिनियम 74 की धारा 14 का संशोधन।

(क) खंड (iiग) के पश्चात् निम्नलिखित खंड अंतःस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :--

'(iiघ) किसी टर्बो-प्रौप वायुयान को विक्रय किया गया विमानन टर्बाइन ईंधन ।

**स्पष्टीकरण**--इस खंड के प्रयोजनों के लिए, "टर्बो-प्रौप वायुयान" से ऐसा वायुयान अभिप्रेत है जो मुख्य रूप से ऐसे नोदित्र से प्रणोद प्राप्त करता है, जो टर्बाइन ईंजन या पिस्टन ईंजन से चलाया जा सकता है ;';

(ख) खंड (iv) में, उपखंड (i) में, "कच्चा लोहा और" शब्दों के स्थान पर "कच्चा लोहा, स्पंजी लोहा और" शब्द रखे जाएंगे ।

**133.** राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक अधिनियम, 1981 की धारा 55, का 1 अप्रैल, 2002 से लोप किया जाएगा । 1981 के अधिनियम 61 की धारा 55 का लोप।

**134.** राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 की धारा 48 का, 1 अप्रैल, 2002 से लोप किया जाएगा । 1987 के अधिनियम 53 की धारा 48 का लोप।

**135.** भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम, 1989 की धारा 50 का, 1 अप्रैल, 2002 से लोप किया जाएगा । 1989 के अधिनियम 39 की धारा 50 का लोप।

---

## अनंतिम कर संग्रहण अधिनियम, 1931 के अधीन घोषणा

यह घोषित किया जाता है कि लोकहित में यह समीचीन है कि इस विधेयक के खंड 110, खंड 113 के उपखंड (क), खंड 127, खंड 128 और खंड 129 के उपबंधों का, अनंतिम कर संग्रहण अधिनियम, 1931 के अधीन तात्कालिक प्रभाव होगा। 1931 का 16

# पहली अनुसूची

**(धारा 2 देखिए)**

भाग 1

## आय-कर

**पैरा क**

प्रत्येक व्यष्टि या हिन्दू अविभक्त कुटुंब या व्यक्ति संगम या व्यष्टि-निकाय की, चाहे वह निगमित हो या नहीं, या आय-कर अधिनियम की धारा 2 के खंड (31) के उपखंड (vii) में निर्दिष्ट प्रत्येक कृत्रिम विधिक व्यक्ति की दशा में, जो ऐसी दशा नहीं है, जिसमें इस भाग का कोई अन्य पैरा लागू होता है,-

***आय-कर की दरें***

| | |
|---|---|
| (1) जहां कुल आय 50,000 रु0 से अधिक नहीं है | **कुछ नहीं ;** |
| (2) जहां कुल आय 50,000 रु0 से अधिक है किंतु 60,000 रु0 से अधिक नहीं है | उस रकम का 10 प्रतिशत जिससे कुल आय 50,000 रु0 से अधिक हो जाती है; |
| (3) जहां कुल आय 60,000 रु0 से अधिक है किंतु 1,50,000 रु0 से अधिक नहीं है | 1,000 रु0 **धन** उस रकम का 20 प्रतिशत जिससे कुल आय 60,000 रु0 से अधिक हो जाती है ; |
| (4) जहां कुल आय 1,50,000 रु0 से अधिक है | 19,000 रु0 **धन** उस रकम का 30 प्रतिशत जिससे कुल आय 1,50,000 रु0 से अधिक हो जाती है । |

**आय-कर पर अधिभार**

इस पैरा के पूर्ववर्ती उपबंधों के अनुसार या धारा 112 या धारा 113 में संगणित आय-कर की रकम में से,-

(i) ऐसे प्रत्येक व्यष्टि या हिन्दू अविभक्त कुटुंब या व्यक्ति संगम या व्यष्टि-निकाय की दशा में, जिसकी कुल आय साठ हजार रुपए से अधिक है, अध्याय 8क के अधीन परिकलित आय-कर के रिबेट की रकम घटा दी जाएगी और इस प्रकार घटा कर आए आय-कर में,-

(अ) ऐसे आय-कर के बारह प्रतिशत की दर से, जहां कुल आय साठ हजार रुपए से अधिक है किंतु एक लाख पचास हजार रुपए से अधिक नहीं है ; या

(आ) ऐसे आय-कर के सत्रह प्रतिशत की दर से, जहां कुल आय एक लाख पचास हजार रुपए से अधिक है,

परिकलित अधिभार संघ के प्रयोजनों के लिए बढ़ा दिया जाएगा ;

(ii) मद (i) में उल्लिखित व्यक्तियों से भिन्न प्रत्येक व्यक्ति की दशा में,

संघ के प्रयोजनों के लिए, ऐसे आय-कर के बारह प्रतिशत की दर से परिकलित अधिभार बढ़ा दिया जाएगा :

परंतु ऊपर मद (i) की उपमद (अ) में उल्लिखित व्यक्तियों की दशा में, जिनकी कुल आय साठ हजार रुपए से अधिक है, ऐसी आय पर आय-कर और अधिभार के रूप में संदेय कुल रकम, उस आय की रकम, जो साठ हजार रुपए से अधिक है, से अधिक साठ हजार रुपए की कुल रकम पर, आय-कर के रूप में संदेय कुल रकम से अधिक नहीं होगी :

परंतु यह और कि ऊपर मद (i) की उपमद (आ) में उल्लिखित व्यक्तियों की दशा में, जिनकी कुल आय एक लाख पचास हजार रुपए से अधिक है, ऐसी आय पर आय-कर और अधिभार के रूप में संदेय कुल रकम, उस आय की रकम, जो एक लाख पचास हजार रुपए से अधिक है, से अधिक एक लाख पचास हजार रुपए की कुल रकम पर, आय-कर के रूप में संदेय कुल रकम से अधिक नहीं होगी ।

**पैरा ख**

प्रत्येक सहकारी सोसाइटी की दशा में,-

***आय-कर की दरें***

| | |
|---|---|
| (1) जहां कुल आय 10,000 रु0 से अधिक नहीं है | कुल आय का 10 प्रतिशत ; |
| (2) जहां कुल आय 10,000 रु0 से अधिक है किंतु 20,000 रु0 से अधिक नहीं है | 1,000 रु0 **धन** उस रकम का 20 प्रतिशत जिससे कुल आय 10,000 रु0 से अधिक हो जाती है ; |
| (3) जहां कुल आय 20,000 रु0 से अधिक है | 3,000 रु0 **धन** उस रकम का 35 प्रतिशत जिससे कुल आय 20,000 रु0 से अधिक हो जाती है । |

**आय-कर पर अधिभार**

प्रत्येक सहकारी सोसाइटी की दशा में, इस पैरा के पूर्ववर्ती उपबंधों के अनुसार या धारा 112 या धारा 113 में संगणित आय-कर की रकम में, संघ के प्रयोजनों के लिए, ऐसे आय-कर के बारह प्रतिशत की दर से परिकलित अधिभार बढ़ा दिया जाएगा ।

**पैरा ग**

प्रत्येक फर्म की दशा में,-

***आय-कर की दर***

संपूर्ण कुल आय पर 35 प्रतिशत ।

**आय-कर पर अधिभार**

प्रत्येक फर्म की दशा में, इसमें इसके पूर्व विनिर्दिष्ट दर से या धारा 112 या धारा 113 में संगणित आय-कर की रकम में, संघ के प्रयोजनों के लिए, ऐसे आय-कर के बारह प्रतिशत की दर से परिकलित अधिभार बढ़ा दिया जाएगा ।

**पैरा घ**

प्रत्येक स्थानीय प्राधिकारी की दशा में,-

***आय-कर की दर***

संपूर्ण कुल आय पर 30 प्रतिशत ।

**आय-कर पर अधिभार**

प्रत्येक स्थानीय प्राधिकारी की दशा में, इसमें इसके पूर्व विनिर्दिष्ट दर से या धारा 112 या धारा 113 में संगणित आय-कर की रकम में, संघ के प्रयोजनों के लिए, ऐसे आय-कर के बारह प्रतिशत की दर से परिकलित अधिभार बढ़ा दिया जाएगा ।

**पैरा ङ**

कंपनी की दशा में,-

***आय-कर की दरें***

I. देशी कंपनी की दशा में — कुल आय का 35 प्रतिशत ;

II. देशी कंपनी से भिन्न कंपनी की दशा में,-

(i) कुल आय के उतने भाग पर, जो निम्नलिखित के रूप में है,-

(क) 31 मार्च, 1961 के पश्चात् किंतु 1 अप्रैल, 1976 के पूर्व उसके द्वारा सरकार या किसी भारतीय समुत्थान के साथ किए गए किसी करार के अनुसरण में उस सरकार या भारतीय समुत्थान से प्राप्त स्वामिस्व, अथवा

(ख) 29 फरवरी, 1964 के पश्चात् किंतु 1 अप्रैल, 1976 के पूर्व उसके द्वारा सरकार या किसी भारतीय समुत्थान के साथ किए गए किसी करार के अनुसरण में उस सरकार या भारतीय समुत्थान से, तकनीकी सेवाएं देने के लिए, प्राप्त फीसें,

और जहां, दोनों में से किसी भी दशा में, ऐसा करार केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है — 50 प्रतिशत ;

(ii) कुल आय के अतिशेष पर, यदि कोई हो — 48 प्रतिशत ।

**आय-कर पर अधिभार**

प्रत्येक देशी कंपनी की दशा में, इस पैरा की मद I के पूर्ववर्ती उपबंधों के अनुसार या धारा 112 या धारा 113 में संगणित आय-कर की रकम में, ऐसे आय-कर के तेरह प्रतिशत की दर से परिकलित अधिभार बढ़ा दिया जाएगा ।

**भाग 2**

## कतिपय दशाओं में स्रोत पर कर की कटौती के लिए दरें

ऐसी प्रत्येक दशा में, जिसमें आय-कर अधिनियम की धारा 193, धारा 194, धारा 194क, धारा 194ख, धारा 194खख, धारा 194घ और धारा 195 के उपबंधों के अधीन कर की कटौती प्रवृत्त दरों से की जानी है, आय में से कटौती निम्नलिखित दरों पर कटौती के अधीन रहते हुए की जाएगी:-

| | आय-कर की दर |
|---|---|
| 1. कंपनी से भिन्न व्यक्ति की दशा में,- | |
| (क) जहां व्यक्ति भारत में निवासी है,- | |
| (i) "प्रतिभूतियों पर ब्याज" से भिन्न ब्याज के रूप में आय पर | 10 प्रतिशत ; |
| (ii) लाटरी, वर्ग पहेली, ताश के खेल और किसी प्रकार के खेल से जीत के रूप में आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| (iii) घुड़दौड़ से जीत के रूप में आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| (iv) बीमा कमीशन के रूप में आय पर | 10 प्रतिशत ; |
| (v) निम्नलिखित पर संदेय ब्याज के रूप में आय पर - | 10 प्रतिशत ; |
| (अ) किसी स्थानीय प्राधिकारी या किसी केंद्रीय, राज्य या प्रांतीय अधिनियम द्वारा स्थापित किसी निगम द्वारा या उसकी ओर से पुरोधृत किए गए कोई डिबेंचर या केंद्रीय या किसी राज्य सरकार की प्रतिभूतियों से भिन्न धन के लिए अन्य प्रतिभूतियां; | |
| (आ) किसी कंपनी द्वारा पुरोधृत किए गए कोई डिबेंचर, जहां ऐसे डिबेंचर, भारत में मान्यताप्राप्त किसी स्टाक एक्सचेंज में प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 और उसके अधीन बनाए गए किन्हीं नियमों के अनुसार सूचीबद्ध हैं | |
| (vi) किसी अन्य आय पर | 20 प्रतिशत ; |
| (ख) जहां व्यक्ति भारत में निवासी नहीं है,- | |
| (i) अनिवासी भारतीय की दशा में,- | |
| (अ) विनिधान से किसी आय पर | 20 प्रतिशत ; |
| (आ) धारा 115ङ में निर्दिष्ट दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभों के रूप में आय पर | 10 प्रतिशत ; |
| (इ) दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभों के रूप में अन्य आय पर | 20 प्रतिशत ; |
| (ई) सरकार या किसी भारतीय समुत्थान द्वारा विदेशी करेंसी में उधार लिए गए धन या उपगत ऋण पर सरकार या भारतीय समुत्थान द्वारा संदेय ब्याज के रूप में आय पर | 20 प्रतिशत ; |
| (उ) लाटरी, वर्ग पहेली, ताश के खेल और किसी प्रकार के खेल से जीत के रूप में आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| (ऊ) घुड़दौड़ से जीत के रूप में आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| (ए) अन्य संपूर्ण आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| (ii) किसी अन्य व्यक्ति की दशा में,- | |
| (अ) सरकार या किसी भारतीय समुत्थान द्वारा विदेशी करेंसी में उधार लिए गए धन या उपगत ऋण पर सरकार या भारतीय समुत्थान द्वारा संदेय ब्याज के रूप में आय पर | 20 प्रतिशत ; |
| (आ) लाटरी, वर्ग पहेली, ताश के खेल और किसी प्रकार के खेल से जीत के रूप में आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| (इ) घुड़दौड़ से जीत के रूप में आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| (ई) दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभों के रूप में आय पर | 20 प्रतिशत ; |
| (उ) अन्य संपूर्ण आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| 2. कंपनी की दशा में,- | |
| (क) जहां कंपनी देशी कंपनी है,- | |

| | आय-कर की दर |
|---|---|
| (i) "प्रतिभूतियों पर ब्याज" से भिन्न ब्याज के रूप में आय पर | 20 प्रतिशत ; |
| (ii) लाटरी, वर्ग पहेली, ताश के खेल और किसी प्रकार के खेल से जीत के रूप में आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| (iii) घुड़दौड़ से जीत के रूप में आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| (iv) किसी अन्य आय पर | 20 प्रतिशत ; |
| (ख) जहां कंपनी देशी कंपनी नहीं है,- | |
| (i) लाटरी, वर्ग पहेली, ताश के खेल और किसी प्रकार के खेल से जीत के रूप में आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| (ii) घुड़दौड़ से जीत के रूप में आय पर | 30 प्रतिशत ; |
| (iii) सरकार या किसी भारतीय समुत्थान द्वारा विदेशी करेंसी में उधार लिए गए धन या उपगत ऋण पर सरकार या भारतीय समुत्थान द्वारा संदेय ब्याज के रूप में आय पर | 20 प्रतिशत ; |
| (iv) 31 मार्च, 1976 के पश्चात् उसके द्वारा सरकार या भारतीय समुत्थान से किए गए किसी करार के अनुसरण में उस सरकार या भारतीय समुत्थान द्वारा संदेय स्वामिस्व के रूप में आय पर, जहां ऐसा स्वामिस्व, भारतीय समुत्थान को, आय-कर अधिनियम की धारा 115क की उपधारा (1क) के पहले परंतुक में निर्दिष्ट विषय की किसी पुस्तक में प्रतिलिप्यधिकार की बाबत अथवा भारत में निवासी किसी व्यक्ति को, आय-कर अधिनियम की धारा 115क की उपधारा (1क) के दूसरे परंतुक में निर्दिष्ट किसी कंप्यूटर साफ्टवेयर की बाबत सभी या किन्हीं अधिकारों के (जिनके अंतर्गत अनुज्ञप्ति देना है) अंतरण के प्रतिफल के रूप में है- | |
| (अ) जहां करार 1 जून, 1997 के पूर्व किया गया है | 30 प्रतिशत ; |
| (आ) जहां करार 1 जून, 1997 को या उसके पश्चात् किया गया है | 20 प्रतिशत ; |
| (v) उसके द्वारा सरकार या भारतीय समुत्थान से किए गए किसी करार के अनुसरण में, और जहां ऐसा करार किसी भारतीय समुत्थान के साथ है वहां वह करार केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है अथवा जहां वह भारत सरकार की तत्समय प्रवृत्त औद्योगिक नीति में सम्मिलित विषय से संबंधित है वहां वह करार उस नीति के अनुसार है, सरकार या भारतीय समुत्थान द्वारा संदेय स्वामिस्व के रूप में आय पर [जो उपमद (ख) (iv) में निर्दिष्ट प्रकृति का स्वामिस्व नहीं है]- | |
| (अ) जहां करार 31 मार्च, 1961 के पश्चात् किंतु 1 अप्रैल, 1976 के पूर्व किया गया है | 50 प्रतिशत ; |
| (आ) जहां करार 31 मार्च, 1976 के पश्चात् किन्तु 1 जून, 1997 के पूर्व किया गया है | 30 प्रतिशत ; |
| (इ) जहां करार 1 जून, 1997 को या उसके पश्चात् किया गया है | 20 प्रतिशत ; |
| (vi) उसके द्वारा सरकार या भारतीय समुत्थान से किए गए किसी करार के अनुसरण में, और जहां ऐसा करार किसी भारतीय समुत्थान के साथ है वहां वह करार केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है अथवा जहां वह भारत सरकार की तत्समय प्रवृत्त औद्योगिक नीति में सम्मिलित विषय से संबंधित है वहां वह करार उस नीति के अनुसार है, उस सरकार या भारतीय समुत्थान द्वारा, तकनीकी सेवाओं के लिए, संदेय फीस के रूप में आय पर,- | |
| (अ) जहां करार 29 फरवरी, 1964 के पश्चात् किंतु 1 अप्रैल, 1976 के पूर्व किया गया है | 50 प्रतिशत ; |
| (आ) जहां करार 31 मार्च, 1976 के पश्चात् किन्तु 1 जून, 1997 के पूर्व किया गया है | 30 प्रतिशत ; |
| (इ) जहां करार 1 जून, 1997 को या उसके पश्चात् किया गया है | 20 प्रतिशत ; |
| (vii) दीर्घकालिक पूंजी अभिलाभों के रूप में आय पर | 20 प्रतिशत ; |
| (viii) किसी अन्य आय पर | 48 प्रतिशत । |

**स्पष्टीकरण** - इस भाग की मद 1(ख)(i) के प्रयोजन के लिए, "विनिधान से आय" और "अनिवासी भारतीय" के वही अर्थ हैं, जो आय-कर अधिनियम के अध्याय 12क में है ।

**आय-कर पर अधिभार**

इस भाग के उपबंधों के अनुसार कटौती की गई आय-कर की रकम में, संघ के प्रयोजनों के लिए, ऐसे आय-कर के दो प्रतिशत की दर से संगणित अधिभार बढ़ा दिया जाएगा :

परन्तु किसी विदेशी कंपनी द्वारा कोई अधिभार संदेय नहीं होगा।

## भाग 3

## कतिपय दशाओं में आय-कर के प्रभारण, "वेतन" शीर्ष के अधीन प्रभार्य आय से आय-कर की कटौती और "अग्रिम कर" की संगणना के लिए दरें

उन दशाओं में, जिनमें आय-कर, प्रवृत्त दर या दरों से, आय-कर अधिनियम की धारा 172 की उपधारा (4) या धारा 174 की उपधारा (2) या धारा 175 या धारा 176 की उपधारा (2) के अधीन प्रभारित किया जाना है अथवा "वेतन" शीर्ष के अधीन प्रभार्य आय में से उक्त अधिनियम की धारा 192 के अधीन काटा जाना है अथवा जिसमें उक्त अधिनियम के अध्याय 17ग के अधीन संदेय "अग्रिम कर" की संगणना की जानी है, यथास्थिति, ऐसा आय-कर या "अग्रिम कर" [जो आय-कर अधिनियम के अध्याय 12 या अध्याय 12क या धारा 115ञख या धारा 161 की उपधारा (1क) या धारा 164 या धारा 164क या धारा 167ख के अधीन, उस अध्याय या धारा में विनिर्दिष्ट दरों से कर से प्रभार्य किसी आय की बाबत "अग्रिम कर" नहीं है या धारा 115क या धारा 115कख या धारा 115कग या धारा 115कगक या धारा 115कघ या धारा 115ख या धारा 115खख या धारा 115खखक या धारा 115ङ या धारा 115ञख के अधीन कर से प्रभार्य किसी आय की बाबत ऐसे "अग्रिम कर" पर अधिभार नहीं है] निम्नलिखित दर या दरों से, प्रभारित किया जाएगा, काटा जाएगा या संगणित किया जाएगा :-

**पैरा क**

प्रत्येक व्यष्टि या हिन्दू अविभक्त कुटुंब या व्यक्ति संगम या व्यष्टि-निकाय की, चाहे वह निगमित हो या नहीं, या आय-कर अधिनियम की धारा 2 के खंड (31) के उपखंड (vii) में निर्दिष्ट प्रत्येक कृत्रिम विधिक व्यक्ति की दशा में, जो ऐसी दशा नहीं है, जिसे इस भाग का कोई अन्य पैरा लागू होता है,-

***आय-कर की दरें***

| | |
|---|---|
| (1) जहां कुल आय 50,000 रु0 से अधिक नहीं है | **कुछ नहीं ;** |
| (2) जहां कुल आय 50,000 रु0 से अधिक है किंतु 60,000 रु0 से अधिक नहीं है | उस रकम का 10 प्रतिशत जिससे कुल आय 50,000 रु0 से अधिक है ; |
| (3) जहां कुल आय 60,000 रु0 से अधिक है किंतु 1,50,000 रु0 से अधिक नहीं है | 1,000 रु0 **धन** उस रकम का 20 प्रतिशत जिससे कुल आय 60,000 रु0 से अधिक है ; |
| (4) जहां कुल आय 1,50,000 रु0 से अधिक है | 19,000 रु0 **धन** उस रकम का 30 प्रतिशत जिससे कुल आय 1,50,000 रु0 से अधिक है । |

**आय-कर पर अधिभार**

इस पैरा के पूर्ववर्ती उपबंधों के अनुसार या धारा 112 या धारा 113 में संगणित आय-कर की रकम में से,--

(i) प्रत्येक व्यष्टि या हिन्दू अविभक्त कुटुंब या व्यक्ति-संगम या व्यष्टि-निकाय की दशा में, जिसकी कुल आय साठ हजार रुपए से अधिक है, अध्याय 8क के अधीन परिकलित आय-कर के रिबेट की रकम घटा दी जाएगी और इस प्रकार घटा कर आए आय-कर में, ऐसे आय-कर के दो प्रतिशत की दर से परिकलित अधिभार संघ के प्रयोजनों के लिए बढ़ा दिया जाएगा ;

(ii) प्रत्येक व्यक्ति की दशा में, उनसे भिन्न जो मद (i) में उल्लिखित है, ऐसे आय-कर के दो प्रतिशत की दर से परिकलित अधिभार संघ के प्रयोजनों के लिए बढ़ा दिया जाएगा :

परंतु ऊपर मद (i) में उल्लिखित व्यक्तियों की दशा में, जिनकी कुल आय साठ हजार रुपए से अधिक है, ऐसी आय पर आय-कर और अधिभार के रूप में संदेय कुल रकम, उस आय की रकम, जो साठ हजार रुपए से अधिक हो जाती है, से अधिक साठ हजार रुपए की कुल रकम पर, आय-कर के रूप में संदेय कुल रकम से अधिक नहीं होगी ।

**पैरा ख**

प्रत्येक सहकारी सोसाइटी की दशा में,-

***आय-कर की दरें***

| | |
|---|---|
| (1) जहां कुल आय 10,000 रु0 से अधिक नहीं है | कुल आय का 10 प्रतिशत ; |
| (2) जहां कुल आय 10,000 रु0 से अधिक है किंतु 20,000 रु0 से अधिक नहीं है | 1,000 रु0 **धन** उस रकम का 20 प्रतिशत जिससे कुल आय 10,000 रु0 से अधिक है ; |
| (3) जहां कुल आय 20,000 रु0 से अधिक है | 3,000 रु0 **धन** उस रकम का 30 प्रतिशत जिससे कुल आय 20,000 रु0 से अधिक है। |

**आय-कर पर अधिभार**

प्रत्येक सहकारी सोसाइटी की दशा में, इस पैरा के पूर्ववर्ती उपबंधों के अनुसार या धारा 112 या धारा 113 में संगणित आय-कर की रकम में, संघ के प्रयोजनों के लिए ऐसे आय-कर के दो प्रतिशत की दर से परिकलित अधिभार बढ़ा दिया जाएगा ।

**पैरा ग**

प्रत्येक फर्म की दशा में,-

***आय-कर की दर***

| | |
|---|---|
| संपूर्ण कुल आय पर | 35 प्रतिशत । |

**आय-कर पर अधिभार**

प्रत्येक फर्म की दशा में, इसमें इसके पूर्व विनिर्दिष्ट दर से या धारा 112 या धारा 113 में संगणित आय-कर की रकम में, संघ के प्रयोजनों के लिए ऐसे आय-कर के दो प्रतिशत की दर से परिकलित अधिभार बढ़ा दिया जाएगा ।

**पैरा घ**

प्रत्येक स्थानीय प्राधिकारी की दशा में,-

***आय-कर की दर***

| | |
|---|---|
| संपूर्ण कुल आय पर | 30 प्रतिशत । |

**आय-कर पर अधिभार**

प्रत्येक स्थानीय प्राधिकारी की दशा में, इसमें इसके पूर्व विनिर्दिष्ट दर से या धारा 112 या धारा 113 में संगणित आय-कर की रकम में, संघ के प्रयोजनों के लिए, ऐसे आय-कर के दो प्रतिशत की दर से परिकलित अधिभार बढ़ा दिया जाएगा ।

**पैरा ङ**

कंपनी की दशा में,-

***आय-कर की दरें***

| | |
|---|---|
| I. देशी कंपनी की दशा में | कुल आय का 35 प्रतिशत ; |
| II. देशी कंपनी से भिन्न कंपनी की दशा में,- | |
| (i) कुल आय के उतने भाग पर, जो निम्नलिखित के रूप में है,- | |
| (क) 31 मार्च, 1961 के पश्चात् किंतु 1 अप्रैल, 1976 के पूर्व उसके द्वारा सरकार या किसी भारतीय समुत्थान से किए गए किसी करार के अनुसरण में सरकार या भारतीय समुत्थान से प्राप्त स्वामिस्व, अथवा | |
| (ख) 29 फरवरी, 1964 के पश्चात् किंतु 1 अप्रैल, 1976 के पूर्व उसके द्वारा सरकार या किसी भारतीय समुत्थान से किए गए किसी करार के अनुसरण में सरकार या भारतीय समुत्थान से, तकनीकी सेवाएं देने के लिए प्राप्त फीसें, | |
| और जहां, दोनों में से प्रत्येक दशा में, ऐसा करार केंद्रीय सरकार द्वारा अनुमोदित कर दिया गया है | 50 प्रतिशत; |
| (ii) कुल आय के अतिशेष पर, यदि कोई हो | 48 प्रतिशत । |

**आय-कर पर अधिभार**

प्रत्येक देशी कंपनी की दशा में, इस पैरा की मद I के पूर्ववर्ती उपबंधों के अनुसार या धारा 112 या धारा 113 में संगणित आय-कर की रकम में, संघ के प्रयोजनों के लिए, ऐसे आय-कर के दो प्रतिशत की दर से परिकलित अधिभार बढ़ा दिया जाएगा ।

भाग 4

**[धारा 2(10)(ग) देखिए]**

## शुद्ध कृषि-आय की संगणना के नियम

***नियम 1***—आय-कर अधिनियम की धारा 2 के खंड (1क) के उपखंड (क) में निर्दिष्ट प्रकृति की कृषि-आय इस प्रकार संगणित की जाएगी मानो वह उस अधिनियम के अधीन "अन्य स्रोतों से आय" शीर्ष के अधीन आय-कर से प्रभार्य आय हो और उस अधिनियम की धारा 57 से धारा 59 के उपबंध, जहां तक हो सके, तदनुसार लागू होंगे:

परंतु धारा 58 की उपधारा (2) इस उपांतर के साथ लागू होगी कि उसमें धारा 40क के प्रतिनिर्देश का यह अर्थ लगाया जाएगा कि उसके अंतर्गत धारा 40क की उपधारा (3) और उपधारा (4) के प्रतिनिर्देश नहीं हैं ।

***नियम 2***—आय-कर अधिनियम की धारा 2 के खंड (1क) के उपखंड (ख) या उपखंड (ग) में निर्दिष्ट प्रकृति की कृषि-आय [जो ऐसी आय से भिन्न है जो ऐसे भवन से व्युत्पन्न होती है जिसकी उक्त उपखंड (ग) में निर्दिष्ट भाटक या आमदनी के पाने वाले को या खेतिहर को या वस्तु रूप में भाटक के पाने वाले को निवास-गृह के रूप में आवश्यकता हो] इस प्रकार संगणित की जाएगी मानो वह उस अधिनियम के अधीन "कारबार या वृत्ति के लाभ और अभिलाभ" शीर्ष के अधीन आय-कर से प्रभार्य आय हो और आय-कर अधिनियम की धारा 30, धारा 31, धारा 32, धारा 36, धारा 37, धारा 38, धारा 40, धारा 40क [उसकी उपधारा (3) और उपधारा (4) को छोड़कर] धारा 41, धारा 43, धारा 43क, धारा 43ख और धारा 43ग के उपबंध, जहां तक हो सके, तदनुसार लागू होंगे ।

***नियम 3***—आय-कर अधिनियम की धारा 2 के खंड (1क) के उपखंड (ग) में निर्दिष्ट प्रकृति की कृषि-आय, जो ऐसी आय है, जो ऐसे भवन से व्युत्पन्न होती है जिसकी उक्त उपखंड (ग) में निर्दिष्ट भाटक या आमदनी के पाने वाले को या खेतिहर को या वस्तु रूप में भाटक के पाने वाले को निवास-गृह के रूप में आवश्यकता हो, इस प्रकार संगणित की जाएगी मानो वह उस अधिनियम के अधीन "गृह-संपत्ति से आय" शीर्ष के अधीन आय-कर से प्रभार्य आय हो और उस अधिनियम की धारा 23 से धारा 27 के उपबंध, जहां तक हो सके, तदनुसार लागू होंगे ।

***नियम 4***—इन नियमों के किन्हीं अन्य उपबंधों में किसी बात के होते हुए भी, उस दशा में,--

(क) जिसमें निर्धारिती को भारत में उसके द्वारा उपजाई गई और विनिर्मित चाय के विक्रय से आय व्युत्पन्न होती है, ऐसी आय, आय-कर नियम, 1962 के नियम 8 के अनुसार संगणित की जाएगी और ऐसी आय के साठ प्रतिशत भाग को, निर्धारिती की कृषि-आय समझा जाएगा ;

(ख) जिसमें निर्धारिती को भारत में उसके द्वारा उगाई गई रबड़ से उसके द्वारा विनिर्मित अपकेन्द्रित लेटेक्स या सिनेक्स के विक्रय से आय व्युत्पन्न होती है, ऐसी आय, आय-कर नियम, 1962 के नियम 7क के अनुसार संगणित की जाएगी और ऐसी आय के पैंसठ प्रतिशत भाग को, निर्धारिती की कृषि-आय समझा जाएगा ;

(ग) जिसमें निर्धारिती को भारत में उसके द्वारा उगाई गई और विनिर्मित काफी के विक्रय से आय व्युत्पन्न होती है, ऐसी आय, आय-कर नियम, 1962 के नियम 7ख के अनुसार संगणित की जाएगी और ऐसी आय के साठ प्रतिशत भाग को, निर्धारिती की कृषि-आय समझा जाएगा ;

***नियम 5***—जहां निर्धारिती (हिन्दू अविभक्त कुटुंब, कंपनी या फर्म से भिन्न) किसी ऐसे व्यक्ति-संगम या व्यष्टि-निकाय का सदस्य है, जिसकी पूर्ववर्ष में आय-कर अधिनियम के अधीन कर से प्रभार्य या तो कोई आय नहीं है या जिसकी कुल आय (हिंदू अविभक्त कुटुंब, कंपनी या फर्म से भिन्न) किसी व्यक्ति-संगम या व्यष्टि-निकाय की दशा में कर से प्रभार्य न होने वाली अधिकतम रकम से अधिक नहीं है किंतु जिसकी कोई कृषि-आय भी है वहां उस संगम या निकाय की कृषि-आय या हानि, इन नियमों के अनुसार संगणित की जाएगी और इस प्रकार संगणित कृषि-आय या हानि में निर्धारिती के अंश को, निर्धारिती की कृषि-आय या हानि समझा जाएगा ।

***नियम 6***—जहां कृषि-आय के किसी स्रोत की बाबत पूर्ववर्ष के लिए संगणना का परिणाम हानि है वहां ऐसी हानि, कृषि-आय के किसी अन्य स्रोत से उस पूर्ववर्ष के लिए निर्धारिती की आय के प्रति, यदि कोई हो, मुजरा की जाएगी :

परंतु जहां निर्धारिती किसी व्यक्ति-संगम या व्यष्टि-निकाय का सदस्य है और, यथास्थिति, संगम या निकाय की कृषि-आय में निर्धारिती का अंश हानि है, वहां ऐसी हानि, कृषि-आय के किसी अन्य स्रोत से निर्धारिती की किसी आय के प्रति मुजरा नहीं की जाएगी ।

***नियम 7***—राज्य सरकार द्वारा कृषि-आय पर उद्गृहीत किसी कर मद्धे निर्धारिती द्वारा संदेय राशि की, कृषि-आय की संगणना करने में, कटौती की जाएगी ।

***नियम 8***—(1) जहां निर्धारिती की, 2001 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष में कोई कृषि-आय है और 1993 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1994 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1995 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1996 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1997 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्षों से सुसंगत पूर्ववर्षों में से किसी एक या अधिक के लिए निर्धारिती की कृषि-आय की संगणना का शुद्ध परिणाम हानि है वहां इस अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (2) के प्रयोजनों के लिए,--

(i) 1993 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 1994 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1995 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1996 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1997 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(ii) 1994 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगाणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 1995 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1996 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1997 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(iii) 1995 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 1996 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1997 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(iv) 1996 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 1997 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(v) 1997 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(vi) 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(vii) 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(viii) 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि,

2001 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए निर्धारिती की कृषि-आय के प्रति मुजरा की जाएगी ।

(2) जहां निर्धारिती की, 2002 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष में या, यदि आय-कर अधिनियम के किसी उपबंध के आधार पर, आय-कर उस पूर्ववर्ष से भिन्न किसी अवधि की आय की बाबत प्रभारित किया जाना है तो, ऐसी अन्य अवधि में, कोई कृषि-आय है और 1994 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1995 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1996 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1997 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2001 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्षों से सुसंगत पूर्ववर्षों में से किसी एक या अधिक के लिए निर्धारिती की कृषि-आय की संगणना का शुद्ध परिणाम हानि है वहां इस अधिनियम की धारा 2 की उपधारा (9) के प्रयोजनों के लिए,--

(i) 1994 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 1995 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1996 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1997 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2001 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(ii) 1995 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 1996 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1997 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2001 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(iii) 1996 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 1997 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2001 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(iv) 1997 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन या 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2001 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(v) 1998 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2001 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(vi) 1999 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन या 2001 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(vii) 2000 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि, उस परिमाण तक, यदि कोई हो, जिस तक ऐसी हानि 2001 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए कृषि-आय के प्रति मुजरा नहीं की गई है ;

(viii) 2001 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए इस प्रकार संगणित हानि,

2002 के अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारंभ होने वाले निर्धारण वर्ष से सुसंगत पूर्ववर्ष के लिए निर्धारिती की कृषि-आय के प्रति मुजरा की जाएगी ।

(3) जहां किसी स्रोत से कृषि-आय प्राप्त करने वाले व्यक्ति का, कोई अन्य व्यक्ति, विरासत से भिन्न रीति से, उसी हैसियत में उत्तराधिकारी हो गया है वहां उपनियम (1) या उपनियम (2) की कोई बात, हानि उठाने वाले व्यक्ति से भिन्न किसी व्यक्ति को, यथास्थिति, उपनियम (1) या उपनियम (2) के अधीन मुजरा कराने का हकदार नहीं बनाएगी।

(4) इस नियम में किसी बात के होते हुए भी, ऐसी हानि, जिसे निर्धारण अधिकारी ने इन नियमों के या वित्त अधिनियम, 1993 (1993 का 38) की पहली अनुसूची के या वित्त अधिनियम, 1994 (1994 का 32) की पहली अनुसूची के या वित्त अधिनियम, 1995 (1995 का 22) की पहली अनुसूची के या वित्त (संख्यांक 2) अधिनियम, 1996 (1996 का 33) की पहली अनुसूची के या वित्त अधिनियम, 1997 (1997 का 26) की पहली अनुसूची के या वित्त (संख्यांक 2) अधिनियम, 1998 (1998 का 21) की पहली अनुसूची के या वित्त अधिनियम, 1999 (1999 का 27) की पहली अनुसूची के या वित्त अधिनियम, 2000 (2000 का 10) की पहली अनुसूची के भाग 4 में अंतर्विष्ट नियमों के उपबंधों के अधीन अवधारित नहीं किया गया है, यथास्थिति, उपनियम (1) या उपनियम (2) के अधीन मुजरा नहीं की जाएगी ।

***नियम 9***—जहां इन नियमों के अनुसार की गई संगणना का अंतिम परिणाम हानि है वहां इस प्रकार संगणित हानि पर ध्यान नहीं दिया जाएगा और शुद्ध कृषि-आय को शून्य समझा जाएगा ।

***नियम 10***—आय-कर अधिनियम के निर्धारण की प्रक्रिया से संबंधित उपबंध (जिनके अंतर्गत आय के पूर्णांकन से संबंधित धारा 288क के उपबंध हैं) आवश्यक उपांतरों सहित, निर्धारिती की शुद्ध कृषि-आय की संगणना के संबंध में उसी प्रकार लागू होंगे जैसे वे कुल आय के निर्धारण के संबंध में लागू होते हैं ।

***नियम 11***—निर्धारिती की शुद्ध कृषि-आय की संगणना करने के प्रयोजनों के लिए, निर्धारण अधिकारी को वही शक्तियां होंगी जो उसे कुल आय के निर्धारण के प्रयोजनों के लिए आय-कर अधिनियम के अधीन हैं ।

# दूसरी अनुसूची

**[धारा 113(क) देखिए]**

सीमाशुल्क टैरिफ अधिनियम की पहली अनुसूची में,--

(1) अध्याय 8 में, उपशीर्ष सं. 0801.11 और 0801.19 में, स्तंभ (4) और स्तंभ (5) में, उनमें से प्रत्येक के सामने आने वाली प्रविष्टियों के स्थान पर क्रमशः "70%" और "60%" प्रविष्टियां रखी जाएंगी ;

(2) अध्याय 9 में,-

(i) उपशीर्ष सं. 0901.11, 0901.12, 0901.21, 0901.22 और 0901.90 में, स्तंभ (4) और स्तंभ (5) में, उनमें से प्रत्येक के सामने आने वाली प्रविष्टियों के स्थान पर क्रमशः "70%" और "70% ऋण 13 पैसे प्रति कि.ग्रा." प्रविष्टियां रखी जाएंगी ;

(ii) उपशीर्ष सं. 0902.10, 0902.20, 0902.30 और 0902.40 में, स्तंभ (4) और स्तंभ (5) में, उनमें से प्रत्येक के सामने आने वाली प्रविष्टियों के स्थान पर क्रमशः "70%" और "70% ऋण 26 पैसे प्रति कि.ग्रा." प्रविष्टियां रखी जाएगी ;

(3) अध्याय 12 में, उपशीर्ष सं. 1203.00 के सामने आने वाले स्तंभ (4) और स्तंभ (5) में की प्रविष्टियों के स्थान पर क्रमशः "70%" और "60%" प्रविष्टियां रखी जाएंगी ;

(4) अध्याय 49 में, उपशीर्ष सं. 4906.00 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "25%" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(5) अध्याय 50 में, उपशीर्ष सं. 5003.10 और 5003.90 में, स्तंभ (4) में, उनमें से प्रत्येक के सामने आने वाली प्रविष्टि के स्थान पर "15%" प्रविष्टि रखी जाएगी;

(6) अध्याय 51 में,--

(i) उपशीर्ष सं. 5111.11 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 135 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(ii) उपशीर्ष सं. 5111.19 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 150 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(iii) उपशीर्ष सं. 5111.20 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 80 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(iv) उपशीर्ष सं. 5111.30 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 75 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(v) उपशीर्ष सं. 5111.90 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 90 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(vi) उपशीर्ष सं. 5112.11 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 125 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(vii) उपशीर्ष सं. 5112.19 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 155 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(viii) उपशीर्ष सं. 5112.20 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 85 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(ix) उपशीर्ष सं. 5112.30 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 110 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(x) उपशीर्ष सं. 5112.90 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 135 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(7) अध्याय 52 में,--

(i) उपशीर्ष सं. 5202.10, 5202.91 और 5202.99 में, स्तंभ (4) में, उनमें से प्रत्येक के सामने आने वाली प्रविष्टि के स्थान पर "15%" प्रविष्टि रखी जाएगी;

(ii) उपशीर्ष सं. 5208.39 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "35% या 150 रुपए प्रति कि.ग्रा., जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(iii) उपशीर्ष सं. 5208.42 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 37 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(iv) उपशीर्ष सं. 5208.52 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 23 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(v) उपशीर्ष सं. 5208.53 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 35 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(vi) उपशीर्ष सं. 5208.59 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 50 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(vii) उपशीर्ष सं. 5209.31, 5209.32 और 5209.39 में, स्तंभ (4) में, उनमें से प्रत्येक के सामने आने वाली प्रविष्टि के स्थान पर "35% या 150 रुपए प्रति कि.ग्रा., जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(viii) उपशीर्ष सं. 5209.41 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "35% या 32 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(ix) उपशीर्ष सं. 5209.42 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 25 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(x) उपशीर्ष सं. 5209.43 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "35% या 30 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xi) उपशीर्ष सं. 5209.49 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "35% या 150 रुपए प्रति कि.ग्रा., जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xii) उपशीर्ष सं. 5209.51 और 5209.52 में, स्तंभ (4) में, उनमें से प्रत्येक के सामने आने वाली प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 30 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xiii) उपशीर्ष सं. 5209.59 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 38 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xiv) उपशीर्ष सं. 5210.39 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "35% या 150 रुपए प्रति कि.ग्रा., जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xv) उपशीर्ष सं. 5210.42 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "35% या 25 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xvi) उपशीर्ष सं. 5210.51 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 15 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xvii) उपशीर्ष सं. 5210.59 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 15 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xviii) उपशीर्ष सं. 5211.31, 5211.32 और 5211.39 में, स्तंभ (4) में, उनमें से प्रत्येक के सामने आने वाली प्रविष्टि के स्थान पर "35% या 150 रुपए प्रति कि.ग्रा., जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xix) उपशीर्ष सं. 5211.41 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "35% या 44 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xx) उपशीर्ष सं. 5211.43 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "35% या 40 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xxi) उपशीर्ष सं. 5211.49 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "35% या 150 रुपए प्रति कि.ग्रा., जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xxii) उपशीर्ष सं. 5211.51, 5211.52 और 5211.59 में, स्तंभ (4) में, उनमें से प्रत्येक के सामने आने वाली प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 18 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(8) अध्याय 54 में,-

(i) उपशीर्ष सं. 5407.41 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "25% या 30 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(ii) उपशीर्ष सं. 5407.42 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 60 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(iii) उपशीर्ष सं. 5407.43 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 67 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(iv) उपशीर्ष सं. 5407.44 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 58 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(v) उपशीर्ष सं. 5407.52 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 38 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(vi) उपशीर्ष सं. 5407.53 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 50 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(vii) उपशीर्ष सं. 5407.54 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 20 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(viii) उपशीर्ष सं. 5407.61 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "25% या 150 रुपए प्रति कि.ग्रा., जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(ix) उपशीर्ष सं. 5407.69 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 60 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(x) उपशीर्ष सं. 5407.72 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "25% या 24 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xi) उपशीर्ष सं. 5407.73 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 60 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xii) उपशीर्ष सं. 5407.74 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 38 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xiii) उपशीर्ष सं. 5407.82 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 42 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xiv) उपशीर्ष सं. 5407.83 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 67 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xv) उपशीर्ष सं. 5407.84 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 38 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xvi) उपशीर्ष सं. 5407.92 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 67 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xvii) उपशीर्ष सं. 5407.93 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 45 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xviii) उपशीर्ष सं. 5407.94 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 67 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xix) उपशीर्ष सं. 5408.22 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 45 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xx) उपशीर्ष सं. 5408.23 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 47 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xxi) उपशीर्ष सं. 5408.24 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 87 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

(xxii) उपशीर्ष सं. 5408.31 में, स्तंभ (4) में की प्रविष्टि के स्थान पर "30% या 25 रुपए प्रति वर्ग मीटर, जो भी अधिक हो" प्रविष्टि रखी जाएगी ;

